दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। गुरुवार 20 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 62 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को बताई थीं 12 खास बातें, जीवन में आएंगी काम

1. मन को वश में रखना।
2. घमंड नहीं करना।
3. विषयों की ओर बढ़ती हुई इच्छाओं को रोकना।
4. कटु वचन सुनकर भी उत्तर नहीं देना।
5. मार खाने पर भी शांत व सम रहना।
6. अतिथि व लाचार को आश्रय देना।
7. दूसरों की निन्दा न करना, न सुनना।
8. नियमपूर्वक शास्त्र पढ़ना व सुनना।
9. दिन में नहीं सोना।
10. स्वयं आदर न चाहकर दूसरों को आदर देना।
11. क्रोध के वशीभूत नहीं रहना।
12. स्वाद के लिए नहीं, स्वास्थ्य के लिए भोजन करना।

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति



**वेद प्रकाश गर्ग**
**(खादी वाले)**

मेरे भाइयों कैसा लगा मेरा आज का ज्ञान?
मगर एक बात का रखना ध्यान, 12 मार्च को
पहुंच जाना समय से इम्पीरियल फार्म हाउस।
सुना है वहां पर हो रहा है जबरदस्त प्रोग्राम।
वहां पर भी मैं इनसे अलग बताऊंगा 12 तरह
की बात। ये वो 12बातें हैं जिन्हें मैंने अपने
दिल में रखा है दाब।

जारी है.....

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। गुरुवार 20 फरवरी-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 62 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई सीएम, आज शपथ ग्रहण समारोह

## विधायक दल की मीटिंग में लिया गया ऐतिहासिक फैसला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का नाम तय हो गया है। शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की नई सीएम होंगी। पार्टी के पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ ने विधायकों से एक-एक करके बात की, फिर रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। 27 साल बाद राजधानी में बीजेपी की वापसी हुई है।

लंबे सस्पेंस के बाद बुधवार शाम बीजेपी विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी। शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह बीजेपी के लिए ऐतिहासिक पल है क्योंकि 27 साल बाद पार्टी ने दिल्ली की सत्ता में वापसी की है।

**विधायकों की बैठक में लिया गया फैसला :** बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ ने विधायकों से एक-एक कर बातचीत की और सभी की राय जानने के बाद रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की गई। इससे पहले मुख्यमंत्री पद के लिए कई नाम चर्चा में थे, लेकिन रेखा गुप्ता ने सबको पीछे छोड़ते हुए बाजी मार ली। उनके नाम की घोषणा के साथ ही पार्टी कार्यालय में जश्न का माहौल बन गया और समर्थकों ने जमकर खुशी मनाई।

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री चुनी गईं बीजेपी विधायक रेखा गुप्ता के घर पर जश्न का माहौल है। उनके समर्थक बड़ी संख्या में घर के बाहर जुटे और फूल-मालाओं के साथ उनके परिवारजनों का स्वागत किया। बीजेपी कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और पटाखे फोड़े। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री चुने जाने पर समर्थकों में उत्साह है। कल सुबह 11 बजे वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी।

**शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू :** शपथ ग्रहण की तैयारियां जोरों पर हैं। आज सुबह 11 बजे के बाद यह भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## दिल्ली की नई सीएम रेखा गुप्ता का है गाजियाबाद से पारिवारिक नाता

### मुरादनगर भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी रमा अग्रवाल की हैं सगी भतीजी







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली चुनाव इस बार गाजियाबाद के लिये खास रहा है। दिल्ली चुनाव को देखें तो गाजियाबाद की भाजपा वहां चुनाव लड़वा रही थी। दिल्ली चुनाव को देखें तो गाजियाबाद की भाजपा वहां चुनाव प्रबंधन संभाल रही थी और अब जब दिल्ली के मुख्यमंत्री की घोषणा हो गई है तो इस नाम का भी गाजियाबाद से नाता निकला है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिल्ली प्रदेश चुनाव सहप्रभारी बनाए गए। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से लेकर कई अन्य जनप्रतिनिधि और संगठन पदाधिकारी दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रचार के लिये लगाए गए थे। बुधवार को जब दिल्ली सीएम के नाम की घोषणा हुई तो एक बार फिर गाजियाबाद का नाम आया। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने जा रहीं रेखा गुप्ता का गाजियाबाद से पारिवारिक नाता है। वो भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल की पत्नी तथा मुरादनगर नगर पालिका परिषद से भाजपा की चेयरमैन उम्मीदवार रहीं रमा अग्रवाल की सगी भतीजी हैं। रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा होते ही मुरादनगर में गोपाल अग्रवाल और रमा अग्रवाल को भी बधाई के फोन आने लगे। रिश्तेदारी के कनेक्शन को भाजपा महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने पुष्टि की।

उन्होंने **दैनिक करंट क्राइम** से बातचीत में कहा कि उनकी पत्नी रमा अग्रवाल प्रीतमपुरा की रहने वाली हैं। रेखा गुप्ता उनकी पत्नी की सगी भतीजी हैं। रेखा गुप्ता शालीमार बाग विधानसभा सीट से चुनाव जीती हैं। भाजपा महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने रेखा गुप्ता को दिल्ली का सीएम मनोनीत करने पर प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया।



## आज सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में 100 बसों में पहुंचेंगे शपथ ग्रहण में भाजपाई

### सीएम बनाए जाने पर रेखा गुप्ता को सांसद अतुल गर्ग ने दी बधाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली चुनाव के नतीजों के बाद से गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग बेहद खुश हैं। इसकी एक वजह भी है कि दिल्ली प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा ने अतुल गर्ग को सहप्रभारी बनाया था। यहां अतुल गर्ग ने सहप्रभारी के रूप में जबर्दस्त पारी खेली और सरकार भाजपा की आ गई। बुधवार को भाजपा ने मुख्यमंत्री पद के लिये रेखा गुप्ता के नाम का ऐलान किया। सांसद अतुल गर्ग ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि एक महिला कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने नारी शक्ति और कार्यकर्ता का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के इतिहास में यह स्वर्णिम पल है जब भाजपा ने किसी महिला को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी है। रेखा गुप्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पुरानी कार्यकर्ता है। वो महिला मोर्चा की महामंत्री रही हैं। कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाया जाना वास्तव में करोड़ों कार्यकताओं का सम्मान है। आज जब शपथग्रहण समारोह होगा तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में गाजियाबाद से 100 बसों में भाजपाई पहुंचेंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में 100 बसों से भाजपाई जाने की बात की पुष्टि की, मगर यहां उन्होंने विनम्रता के साथ कहा कि यह सभी लोग भाजपा संगठन के निर्देश में उन्हीं के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचेंगे।

सांसद अतुल गर्ग ने **दैनिक करंट क्राइम** से बातचीत में अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि एक महिला कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने नारी शक्ति और कार्यकर्ता का सम्मान किया है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम के लिये संगठन की मेहनत है और सभी कार्यकताओं की ये ताकत है कि गाजियबाद से 100 बसों में भाजपाई पहुंच रहे हैं।

# दैनिक करंट क्राइम ने शुरू की महा होली महोत्सव 3.0 की तैयारियां

## 12 मार्च को इंपीरियल फार्म हाउस में उड़ेगा गुलाल और चलेंगी पिचकारियां





















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम एक अखबार भी है और ये लाखों पाठकों का एक परिवार भी है। एक ऐसा अखबार है जो सामाजिक सरोकार से जुड़कर चलता है और पाठकों के साथ परिवार के साथ चलता है। हम आपकी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी में, आपके बर्थडे की खुशी में ह्यपोस्ट ऑफ द डेह्र से लेकर स्पेशल विश के रूप में सामने आते हैं। जन्मदिन के कॉलम से हम ह्यहैप्पी बर्थडेह्र वाला संदेश लेकर आते हैं। आपकी दुख की घड़ी में हम आपके साथ होते हैं। हम नवरात्र महोत्सव से एक संदेश देते हैं और होली की मस्ती में अपने पाठकों के साथ रंगों में सराबोर होते हैं। एक बार फिर होली की मस्ती का महामहोत्सव आ रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने अपने पाठकों के लिये होली महामहोत्सव 3.0 की तैयारी शुरू कर दी है। 12 मार्च को इंपीरियरल फार्महाउस में होली का महामहोत्सव मनेगा। हमारे सहयोगी हमारे साथ होंगे, हमारे पाठक हमारे साथ होंगे तो ये एक पारिवारिक उत्सव हो जाएगा। एक आयोजन को करंट क्राइम परिवार केवल अपने सहयोगियों की ताकत और पाठकों के विश्वास से ही आयोजित कर पाता है। एक उत्साह, एक प्रेरणा इस होली महोत्सव से मिलती है। रंगों का ये उत्सव, फूलों की ये होली, ढोल की ये थाप और अपनों का साथ 12 मार्च को दैनिक करंट क्राइम के होली महामहोत्सव में दिखेगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुधवार को दैनिक करंट क्राइम की टीम ने इंपीरियल फार्म हाउस में पहुंचकर होली की तैयारियों का जायजा लिया। संपादक मनोज गुप्ता ने यहां होली महोत्सव को लेकर दिशा निर्देश दिये। वहीं समाचार संपादक दीपक भाटी ने जहां फेसबुक लाइव के जरिये सभी से संवाद कायम किया और एक तरीके से होली महोत्सव में पहली भागीदारी अपने पाठकों की, अपने करंट क्राइम परिवार की शामिल की। इस मौके पर वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशिनारायण और साहिबाबाद ब्यूरोचीफ उदयवीर सिंह ने भी सभी को होली महोत्सव के लिये आमंत्रित किया और अपने विचार रखें।

इस मौके पर मार्केटिंग हैड हरीश कुमार, विष्णु गुप्ता ने भी सभी को निमंत्रण दिया। दैनिक करंट क्राइम परिवार के राज चौधरी, अशोक शर्मा ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिये।

फोटो जर्नलिस्ट वरुण लाहौरिया, डिजाइन टीम के नरेश शर्मा, विक्की सैनी ने भी अपने विचार रखे और सभी को होली महोत्सव के लिये आमंत्रित किया।

दैनिक करंट क्राइम ने 12 मार्च की तारीख अपने पाठकों के लिये, अपने समर्थकों के लिये, अपने मित्रों के लिये रिजर्व की और सभी पाठकों को ये याद दिलाया कि ये होली महामहोत्सव उन्हीं का कार्यक्रम है और वो इस तारीख को अपने एजेंडे में सेव कर लें। इस बार होली पर भक्ति का रंग, मस्ती का रंग और अपनेपन का रंग हर बार की तरह दिखाई देगा।

## अभिषेक गर्ग का व्यवहार, महोत्सव को बनाते हैं त्यौहार

**करंट क्राइम।** अभिषेक गर्ग केवल समाजवादी पार्टी के नेता ही नहीं हैं वो एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जो सामाजिक सरोकारों से जुड़कर चलते हैं। उनके यहां आयोजन तो पूरे वर्ष होते हैं, लेकिन ये करंट क्राइम के प्रति उनका प्यार है और ये उनके संस्कार है, उनका व्यवहार है जो वो अपनी इस विनम्रता से अपनेपन से सामने वाले को कायल कर देते हैं। जब दैनिक करंट क्राइम होली महामहोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा चल रही थी तो यहां इस चर्चा में अभिषेक गर्ग पूरे अपनेपन के साथ शामिल हुए। अभिषेक गर्ग हर वर्ष पूरे हर्ष के साथ करंट क्राइम होली महामहोत्सव के भागीदार रहते हैं। वो एक सामाजिक हस्ती हैं, लेकिन जब करंट क्राइम होली महोत्सव की मस्ती की बात होती है तो यहां वो एक अपनेपन, एक परिवार और एक भाव के साथ आते हैं। बुधवार को सबसे खास बात ये रही कि होली महोत्सव की तैयारियों को लेकर जब चर्चा हुई तो करंट क्राइम परिवार को अभिषेक गर्ग के पिता महेशचंद गर्ग का भी सानिध्य मिला, उनका दिशा निर्देशन प्राप्त हुआ और इस परिवार का व्यवहार संस्कार, सुशीलता ऐसी है कि बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने भी दिशा-निर्देश दिये और फिर होली महोत्सव की तैयारियों के जोश के साथ सभी ने कार्य शुरू किया।



## बीजेपी ने नियुक्त किए दिल्ली के पर्यवेक्षक

# रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने दिल्ली के पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। आज भाजपा विध्यक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता के चयन के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता के चयन के लिए बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए बुधवार शाम पार्टी की दिल्ली इकाई के कार्यालय में विधायक दल की बैठक बुलाई गई है।



**बीजेपी विधायक दल की बैठक में होगा सदन के नेता का चुनाव :** पार्टी नेताओं ने बताया कि दिल्ली भाजपा कार्यालय में शाम करीब सात बजे शुरू होने वाली विधायक दल की बैठक में पार्टी के 48 विधायक दिल्ली विधानसभा में सदन का नेता चुनेंगे, जो मुख्यमंत्री बनेगा। बैठक भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों प्रसाद और धनखड़ की उपस्थिति में होगी। पार्टी विधायकों द्वारा नेता चुने जाने के बाद भावी मुख्यमंत्री सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राजनिवास में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात करेंगे।

**कौन होगा दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री ? :** मुख्यमंत्री के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है, उनमें प्रवेश वर्मा प्रमुख हैं। उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को पराजित किया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय, पवन शर्मा, आशीष सूद, रेखा गुप्ता और शिखा राय जैसे अन्य नेता भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में शुमार बताए जा रहे हैं।

पार्टी के कुछ नेता मानते हैं कि राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में जिस तरह से भाजपा ने मुख्यमंत्री चुनकर सभी को चौंकाया था, दिल्ली में भी वह इसी रणनीति पर आगे बढ़ सकती है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री पद के लिए जिन नामों की सार्वजनिक चर्चा हो रही है, उनके अलावा कुछ ऐसे नेता भी हैं जो इस दौड़ में छुपे रुस्तम साबित हो सकते हैं। बवाना (एससी) सीट से विधायक रवींद्र इंद्राज सिंह और भाजपा के लिए पहली बार मादीपुर (एससी) सीट जीतने वाले कैलाश गंगवाल को इसी रूप में देखा जा रहा है।

### रामलीला मैदान में होगा नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

इस बीच, रामलीला मैदान में नयी सरकार के भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों का कहना है कि शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार दोपहर में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगे। कुछ विशिष्ट मेहमानों सहित लगभग 50,000 लोगों के इस समारोह में भाग लेने की संभावना है।

# विश्व को सुगम प्रबंधन की राह दिखाएगा महाकुंभ मेला

## आईआईटी कानपुर की टीम तैयार करेगी वर्ल्ड गाइड बुक



**प्रयागराज।** संगम पर लगे विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक-धार्मिक महत्व के महाकुंभ के प्रबंधन के आधार पर योगी आदित्यनाथ सरकार दुनिया को वर्ल्ड गाइड बुक के रूप में अनूठा तोहफा देगी। एक तट पर संस्कृतियों, संप्रदायों, मतों, विचारों और संतों-भक्तों के अद्भुत समागम को लेकर वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरने वाले महाकुंभ की सुरक्षा, स्वच्छता, सेवा, अतिथि सत्कार, सफाई, यातायात और साज-सज्जा पर शोधपरक अध्ययन कर खास रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर मार्च के अंत तक वर्ल्ड गाइड बुक तैयार कर ली जाएगी। यह गाइड बुक आने वाले समय में महाकुंभ सरीखे विश्व स्तरीय आयोजनों की सफलता के लिए मददगार साबित होगी।

महाकुंभ के आयोजन की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करने और विश्व गाइड बुक बनाने का निर्णय मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो.मणींद्र अग्रवाल की मौजूदगी में लिया गया है। मेला प्रशासन की रिपोर्ट के मुताबिक प्रबंधन की दृष्टि से संगम तट पर होने वाले अब तक उज्जैन, नासिक, हरिद्वार और प्रयगाराज में हुए कुंभ मेलों की गिनती दुनिया के कुछ चुनिंदा आयोजनों में की जा सकती है, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या और प्रबंधन के लिहाज से इस बार का महाकुंभ सबसे बड़ा साबित हो सकता है। आईआईटी कानपुर इस वैश्विक आयोजन के हर पहलू का अध्ययन रिपोर्ट तैयार कर रहा है।

आईआईटी कानपुर के इकॉनमिक्स, इलेक्ट्रिकल और टेक्निकल समेत अन्य विभागों के 20 फैकल्टी मेंबर महाकुंभ के प्रबंधन पर अध्ययन के लिए लगाए गए हैं। आईआईटी में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों को इसमें शामिल किया गया है। महाकुंभ के प्रबंधन की विशेषताओं पर आधारित रिपोर्ट के जरिए देश-दुनिया में भविष्य में होने वाले ऐसे आयोजनों के लिए यह एक तरह की अनूठी गाइड बुक होगी।

> आने वाले समय में विश्व में होने वाले बड़े आयोजनों की सफलता के लिए महाकुंभ के आयोजन के प्रबंधन के आधार पर वर्ल्ड गाइड बुक बनाने का जिम्मा मिला है। इसके लिए अलग-अलग टीमें अध्ययन में लगाई गई हैं। मेला प्रशासन के साथ इस पर कई बैठकें हो चुकी हैं। मार्च के अंत तक वर्ल्ड गाइड बुक तैयार होने की उम्मीद है। यह वैश्विक आयोजनों के लिए अपने तरह की पहली गाइड बुक होगी।



-प्रो. मणींद्र अग्रवाल,
निदेशक-आईआईटी कानपुर

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामला

# दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे से मांगा जवाब

## कोर्ट की अगली सुनवाई 26 फरवरी को



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों से इस बात पर विचार करने को कहा कि ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। हाईकोर्ट ने रेलवे अधिनियम को पूरी तरह से लागू करने को कहा। मामले में 26 फरवरी को अगली सुनवाई होगी।

हाई कोर्ट ने रेलवे से कहा कि वह प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री और यात्रियों की अधिकतम संख्या तय करने के प्रावधानों के क्रियान्वयन संबंधी उन मुद्दों की समीक्षा करे जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल में मची भगदड़ को लेकर एक जनहित याचिका में उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने संबंधित प्राधिकारियों से कहा कि वे अपने हलफनामे में इन मुद्दों के संबंध में उठाए जाने वाले अपने कदमों का ब्यौरा प्रस्तुत करें।



अदालत ने कहा, जैसा कि सॉलिसिटर जनरल ने सुझाव दिया है, याचिका में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा रेलवे बोर्ड में उच्चतम स्तर पर की जाए और उसके बाद प्रतिवादी द्वारा एक हलफनामा दायर किया जाए जिसमें रेलवे बोर्ड द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों का विवरण दिया जाए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले को विरोधात्मक तरीके से नहीं लिया गया है और रेलवे कानून का पालन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने कहा कि यह एक अप्रत्याशित स्थिति है। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों पर उच्चतम स्तर पर विचार किया जाएगा। अदालत ने कहा कि जनहित याचिका हाल में हुई भगदड़ की घटना तक सीमित नहीं है और इसमें प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री एवं एक डिब्बे में यात्रियों की अधिकतम संख्या के संबंध में मौजूदा कानूनी प्रावधानों को लागू करने का अनुरोध किया गया है।

उसने कहा कि अगर कानूनी प्रावधानों को पर्याप्त रूप से लागू किया जाता है तो भगदड़ की ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता था। इस मामले में आगे की सुनवाई 26 मार्च को होगी। भगदड़ की घटना के दो दिन बाद 17 फरवरी को उच्चतम न्यायालय में भी एक जनहित याचिका दायर की गई थी।

## महाकुंभ भगदड़ हादसे पर विधानसभा में विपक्ष पर यूं बरसे योगी आदित्यनाथ

# 'दिल जलाकर मुस्कुराने की बात करते हैं...'

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में महाकुंभ 2023 और उससे जुड़ी आलोचनाओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु कुंभ में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने सनातन धर्म, गंगा, भारत की आस्था और महाकुंभ के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे झूठे वीडियो और अफवाहें इन 56 करोड़ श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ हैं।

योगी ने जोर देकर कहा कि कुंभ किसी पार्टी का नहीं, बल्कि पूरे समाज का आयोजन है, और सरकार सिर्फ.एक सेवक की भूमिका में है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरी तत्परता से निभाएगी। बावजूद इन अफवाहों और दुष्प्रचार के, जनता ने इस आयोजन को सफल बनाया है। मुख्यमंत्री ने 29 जनवरी को हुई भगदड़ में पीड़ित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। साथ ही, सोनभद्र और अलीगढ़ में हुए सड़क हादसों में जान गंवाने वालों के प्रति भी उन्होंने दुःख जताया और कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। लेकिन, उन्होंने इस पर राजनीति करने पर सवाल उठाए।

### मनोज पांडेय को दिया धन्यवाद

योगी ने मनोज पांडे का धन्यवाद किया जिन्होंने काहिरा और नेपाल के वीडियो को कुंभ का बताकर फैलाई जा रही अफवाहों का ज़िक्र किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, जो लोग 29 जनवरी की एक भगदड़ के शिकार हुए थे, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। सोनभद्र, अलीगढ़ जिनका भी जिक्र आपने किया जो सड़क दुर्घटना के शिकार हुए। हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। सरकार उनके साथ खड़ी है। लेकिन इस पर राजनीति करना कितना उचित है।



### विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना



योगी ने कहा कि इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सपा, कांग्रेस, आरजेडी और टीएमसी के नेताओं द्वारा सनातन के सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए। योगी ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि क्या सनातन के आयोजन के साथ जुड़ना क्या अपराध है। अगर ये अपराध है तो हमारी सरकार ये करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने भी स्नान किया। आस्था के साथ जो आए उनका स्वीकार किया गया। जो चिढ़ाने आया उसे दुत्कार कर भगा दिया गया। हम इस बात को मानते हैं कि संक्रमित व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है, संक्रमित सोच का नहीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे अभी पिछले सप्ताह वाराणसी जाने का मौका मिला।

### शिवपाल पर योगी का तंज, अच्छा होता अखिलेश चच्चू को ले गए होते

योगी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में जो आया है, वह भूखा नहीं रहा है। वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज में सेवा चल रही है। इन शहरों ने अतिथि देवो भव का सबसे अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। जो लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं, वो अपना नुकसान कर रहे हैं। तमाम दुष्प्रचार के बाद भी जनता मानने को तैयार नहीं है। व्यवस्था करने में मुश्किलें आती हैं। शिवपाल को लेकर तंज कसते हुए कहा कि अच्छा होता अखिलेश समाजवादी परिवार को लेकर गए होते। चच्चू को तो ले गए होते। 2013 में तो मैं मान सकता हूं। लेकिन 2025 में तो पुण्य का भागीदार बना देते। भतीजे चले गए, चच्चू नहीं जा पाए।

मुख्यमंत्री ने उन लोगों पर कटाक्ष किया जो कुंभ के आयोजन पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने एक कविता के माध्यम से अपनी बात रखीः "लगाके आग बहारों की बात करते हैं, जिन्होंने रात में चुन-चुनकर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं" उन्होंने कहा कि 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि "आयोजन किसी पार्टी विशेष का नहीं था। आयोजन समाज का है। सरकार पीछे है। सरकार सेवक के रूप में वहां पर है। इसके लिए हम लोग तत्परता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।"

योगी ने जनता द्वारा अफवाहों और दुष्प्रचार को नजरअंदाज करके कुंभ को सफल बनाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि आयोजन के प्रति तमाम अफवाहों और दुष्प्रचार को दरकिनार कर लोगों ने इसे सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाया है। कुछ लोग जानबूझकर "सनातन धर्म के खिलाफ, मां गंगा के खिलाफ, भारत की आस्था के खिलाफ या महाकुंभ के खिलाफ कोई भी अनर्गल प्रलाप करते हैं। कोई झूठा वीडियो दिखाते हैं तो इन 56 करोड़ लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ है।

### माता प्रसाद पांडेय को दिया जवाब

माता प्रसाद पांडेय के सवाल के विषय में योगी ने कहा कि ये समाजवादी संस्कार हैं कि हर अच्छे कार्य का विरोध करना है। उन्होंने कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है। योगी ने कहा कि हिंदी को तो हटाया नहीं गया। भोजपुरी, अवधी हो या बृज हो इनकी दूसरी कोई लिपि नहीं है। देवनागरी ही इनकी लिपि है। समाजवादियों के बारे में मान्यता है कि जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद भी करते हैं।

# आरएसएस के नए कार्यालय 'केशव कुंज' का हुआ उद्घाटन

## अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गज नेता रहे मौजूद





**नई दिल्ली।** दिल्ली में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नए भवन 'केशवकुंज' का उद्घाटन होने जा रहा है। जहां आरएसएस ने अपने कार्यालय को दिल्ली के पुराने पते पर वापस शिफ्ट किया है। उद्घाटन कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबोले इस नए कार्यालय में काम करेंगे। आरएसएस 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरू में अपनी वार्षिक 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' का आयोजन करेगा, जो संगठन का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है।

**75 हजार से ज्यादा लोगों ने किया सहयोग :** सूत्रों की माने तो इस भव्य भवन 'केशवकुंज' की लागत लगभग 150 करोड़ रुपये आई है। ये लागत हिंदुत्व विचारधारा से जुड़ी 75,000 से ज्यादा लोगों के योगदान से जुटाई गई। बता दें कि यह परियोजना आठ साल से अधिक समय से चल रही थी, जिसमें कोविड-19 महामारी के कारण काफी देरी हुई।

**अनूप दवे ने किया है डिजाइन :** देखा जाए तो नई इमारत पहले की दो मंजिला इमारत से काफी अलग है। इसमें आधुनिक तकनीक और पारंपरिक वास्तुकला का संयोजन किया गया है, जिससे यह हवादार और सूर्य की रोशनी से भरपूर है। इसे गुजरात के वास्तुकार अनूप दवे ने डिजाइन किया है। इसमें तीन टावर हैं, जिनका नाम साधना, प्रेरणा और अर्चना रखा गया है।

**कार्यालय के परिसर में क्या-क्या :** नई इमारत में एक बड़ा सभागार भी है, जिसका नाम राम मंदिर आंदोलन से जुड़े विश्व हिंदू परिषद के नेता अशोक सिंघल के नाम पर रखा गया है। इसके अलावा, इस परिसर में पुस्तकालय, स्वास्थ्य क्लिनिक और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी सुविधाएं भी हैं।

यहां सौर ऊर्जा का उपयोग भी किया जा रहा है। इसके साथ ही आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिकाओं पंचजन्य और ऑर्गनाइजर के अलावा, सुरुछि प्रकाशन, का कार्यालय भी इस परिसर में होगा।

# शब ए बारात पर निगम की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए पार्षद ने जताया नगर आयुक्त का आभार





### शहर के भव्य आयोजन तथा समस्त त्योहार पर निगम की रहती है अहम भूमिका : साजिदा पार्षद मिर्जापुर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सार्वजनिक आयोजनों पर तथा समस्त त्योहार पर व्यवस्था में जुटा रहता है, कुशल नेतृत्व में सभी विभाग भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां को बेहतर निभाते हैं। इसी क्रम में पार्षद मिजार्पुर साजिदा द्वारा नगर आयुक्त गाजियाबाद का शब ए बारात पर बेहतर व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद किया गया। साथ ही मिजार्पुर क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए भी कहा गया। मौके पर फहीम चौधरी व अन्य क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार शब ए बारात पर्व पर प्रकाश व्यवस्था को मस्जिदों पर सुदृढ़ किया गया तथा सफाई व्यवस्था को भी बेहतर बनाया गया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था को देखते हुए क्षेत्र वासियों ने नगर निगम का धन्यवाद किया। वार्ड 48 में 8 से 10 मस्जिद हैं जिन पर निगम की व्यवस्था व अन्य इंतजाम पुख्ता रहे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ईद हो या अन्य त्योहार आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कराया जाता है जो की सराहनीय है।

### महा शिवरात्रि की व्यवस्थाओं में जुट नगर निगम

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शिवरात्रि महापर्व पर भी बेहतर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंदिरों में अन्य धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था की साथ-साथ प्रकाश में पेयजल की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा। क्षेत्र वासियों से भी नगर आयुक्त लगातार सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए अपील कर रहे हैं। सभी जाति वर्ग के त्योहारों में गाजियाबाद नगर निगम अहम भूमिका निभाता है जिस पर कई पार्षदों द्वारा भी नगर निगम की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई।

### मोक्ष के लिए पाकिस्तान से आए 400 अस्थि कलश

**मेरठ।** गंगा में मोक्ष दिलाने की कामना से पाकिस्तान से 400 हिंदुओं और सिखों की अस्थियों को भारत लाया गया है। ये अस्थियां गंगा में प्रवाहित की जानी हैं। इसके लिए दिल्ली के बोध घाट से अस्थि कलश यात्रा हरिद्वार तक निकाली जाएगी। यात्रा 21 फरवरी को मेरठ में पहुंचेगी। यहां मोदीपुरम के अक्षरधाम कॉलोनी में होने वाले कार्यक्रम में श्रद्धांजलि दी जाएगी।

पाकिस्तान में कराची के प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत रामनाथ के साथ ही 70 लोगों की टीम भारत आई है। यह टीम मोदीपुरम के अक्षरधाम में आएगी। यहां होने वाले आयोजन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रित किया गया है।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम साक्षी यादव है आधार कार्ड में नाम आराध्या लिखा है जो कि गलत है भविष्य में मेरी पुत्री को साक्षी यादव के नाम से ही जाना जाए।
प्रार्थी अवनीश कुमार, ग्राम-पाठक पुरा, थाना-जसवंत नगर, जिला-इटावा, यू पी. फोन 206245

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# एमएलसी दिनेश गोयल ने उठाई सदन में शिक्षिकाओं की आवाज

## बिजली सखी योजना का भी उठाया सदन में मुद्दा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधान परिषद के सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित स्कूलों के शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण का विषय अनेक परिवारों के लिए गहन चिंताओं और जटिलताओं का कारण बन गया है। विशेष रूप से ऐसे परिवारो के लिए जहां पति-पत्नी और माता-पिता अलग अलग जनपदों में तैनात है या निवास कर रहे है। ऐसी स्थिति में परिवार तथा बच्चों की क्या स्थिति होती है एक विचारणीय प्रश्न बन गया है इसके लिए सरकार और बेसिक शिक्षा विभाग को शिक्षकों और उनके परिवार की स्थिति को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेते हुए शिक्षिका को उसके बच्चों तथा पति के साथ एक ही स्थान पर तैनाती पर विचार करते हुए वृद्ध माता-पिता की दयनीय स्थिति को भी देखते हुए शिक्षकों तथा उनके परिवार के साथ संवेदनशीलता दिखाएं जाने की आवश्यक है।साथ ही बिजली संखी योजना महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उददेश्य से प्रारम्भ की गयी थी। बिजली सखी योजना के माध्यम से लोगों को बिजली का बिल जमा करने के लिए लम्बी-लम्बी लाईन में खडे. होने से छुटकारा मिलता है। इस योजना से जुडी महिलाएं अपने परिवार का जीवन यापन मिलने वाली राशि से आसान बनाती रही है। विगत वर्षो में इस योजना से जुडी बडी संख्या में महिलाओं ने कई करोड रुपए बिजली बिल के रूप में जमा कराकर अपने लिए भी कमीशन के रूप में धन प्राप्त किया था। जिस संस्था के माध्यम सें महिलाओं को रोजगार की प्राप्ति हुई थी उस संस्था का नवीनीकरण विभागीय लापरवाही के चलते न होने के कारण आज बिजली सखी से जुडी बडी संख्या में महिलाएं बेरोजगार हो गई है उनकी आय का माध्यम बन्द हो जाने के कारण पारिवारिक आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। लोक महत्व के इन संवेदनशील विषयों पर सदन के समक्ष अविलम्बनीय कार्यवाही की मांग की गयी।

# मार्च के प्रथम सप्ताह तक टल सकती है अध्यक्ष वाली घोषणा

## प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा पर टिका है महानगर अध्यक्ष के ऐलान का दारोमदार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष पद की घोषणा को लेकर अब कार्यकर्ताओं का भी इंतजार थक गया है। एक लंबा समय बीत गया है और घोषणा नहीं हो रही है। चर्चा में रोज कई नाम आ जाते हैं, लेकिन जो घोषणा विधिवत रूप से होनी है उसकी तिथि ही तय नहीं हो पा रही है। एक तरह से कार्यकताओं को अब ये लग रहा है कि महानगर अध्यक्ष की घोषणा का मुहुर्त कब आएगा। दिल्ली चुनाव भी संपन्न हो गए, वहां सरकार भी आ गई, कुंभ मेला भी समापन की ओर बढ़ रहा है, लेकिन अध्यक्ष वाली घोषणा के लिये इंतजार बढ़ रहा है। सूत्र बताते हैं कि अध्यक्ष वाली घोषणा के लिये मार्च महीने का इंतजार करना पड़ सकता है। बताया जाता है कि महानगर वाली घोषणा के तार प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा से जुड़े हैं। इस बात की उम्मीद जताई जा रही है कि चार मार्च के बाद भाजपा अपने प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा करेगी और प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के दो दिन पहले वो महानगर और जिलाध्यक्षों की सूची घोषित कर देगी। लिहाजा ऐसे में ये माना जा रहा है कि अब घोषणा फरवरी महीने में नहीं होने जा रही है और मार्च के महीने में महानगर अध्यक्ष वाली घोषणा में नाम आएगा।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा करेंगे फ्लावर शो एवं चटकारे का उद्घाटन

## इस बार अर्बन गार्डनिंग का दिखेगा अलग स्टॉल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : गाजियाबाद के लोगों को तीन दिनों के लिए अलग नजारे देखने को मिलेंगें। हर साल की भांति इस वर्ष भी लैंड क्राफ्ट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फ्लावर शो एवं चटकारे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 28 फरवरी दिन शुक्रवार से 2 मार्च दिन रविवार तक आयोजित किया जाएगा। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में जहां अलग-अलग किस्म के देसी- विदेशी फूल तो पेड़, पौधे, पुष्प और पहली बार अर्बन गार्डनिंग का लोगों को करीब से देखने का मौका मिलेगा। वहीं यहां विभिन्न स्वादिष्ट पकवान और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। आयोजक ललित जायसवाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन गाजियाबाद के जिलाधिकारी आइएएस दीपक कुमार मीणा द्वारा 28 फरवरी को शाम 05 बजे लैंड क्राफ्ट परिसर में किया जाएगा।

### नगर निगम से लेकर जीडीए और नोएडा अथॉरिटी से भी आएंगे विभाग





### नगर निगम से लेकर आवास विकास और नोएडा अथॉरिटी भी लगी भाग

**करंट क्राइम** : लैंड क्राफ्ट की ओर से आयोजित फ्लावर शो एवं चटकारे में जहां लोगों को एक साथ हजारों तरीके के पुष्प अलग-अलग रूप में देखने को मिलेंगे। तो इसमें फ्लावर शो को बढ़ावा देने और फूलों की उन्नत किस्म को प्रदर्शित करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद गाजियाबाद, नोएडा डेवलपमेंट अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा डेवलपमेंट अथॉरिटी के साथ ही कई अन्य संस्थाएं भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। फ्लावर शो का मुख्य उद्देश्य फल-फूल, पेड़-पौधों आदि के महत्व को दर्शाने के साथ ही प्रदूषण पर्यावरण एवं ऑर्गेनिक फार्मिंग के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही यहां देसी और विदेशी फूलों को भी लोग करीब से देख पाएंगे।

### अर्बन गार्डनिंग का विशेष प्रबंध रहेगा

**करंट क्राइम** : हरियाली को बढ़ावा देने और अलग-अलग किस्म के पौधों को लोग अपने घरों, बालकनी और कमरों में लगा सकते हैं। इसके लिए अर्बन गार्डनिंग जैसे हाइड्रोपोनिक, एक्वेपोनिक और एयरोपोनिक द्वारा पौधे कैसे लगाए जा सकते हैं। कैसे उनका बढ़ाया जा सकता है, इसका भी लोगों को ज्ञान दिया जाएगा ताकि वह हरियाली को अपने आसपास बढ़ा सकें। लैंड क्राफ्ट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के ललित जायसवाल ने कहा है कि इस बार के फ्लावर शो और चटकारे के कार्यक्रम को पहले से और ज्यादा भव्य और बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

# इंग्लैंड से आया दल बोला वॉव गाजियाबाद

## स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड की बारीकियां को इंग्लैंड की टीम ने जाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त आएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बीते दिनों स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड गठित की गई थी। इसके लिए लगभग गाजियाबाद के निजी और सरकारी स्कूलों के 5000 छात्रों की एक टीम बनाई गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने जल्द ही स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड के विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए भी कहा है। तो वही गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड योजना की गूंज इंग्लैंड तक गूंज रही है। बुधवार को इंग्लैंड से आए 22 छात्र और 04 अध्यापक गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने नगर निगम गाजियाबाद द्वारा कराए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही जिस तरीके से स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला पढ़ाई जा रही है, उसको भी उन्होंने देखा और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के इस विजन की तारीफ की। वहीं अब यूं कहा जाए तो गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के विजन की गूंज इंग्लैंड तक हो रही है।



### नगर आयुक्त के विजन की विदेशों तक हो रही है धूम





### स्वच्छता और पर्यावरण सुधार का भी लिया ज्ञान

**करंट क्राइम** : इंग्लैंड से आए दल के छात्रों और अध्यापकों ने गाजियाबाद नगर निगम की वर्किंग स्टाइल को देखा। तो वहीं उन्होंने यह भी जाना कि किस तरीके से गाजियाबाद में नगर निगम वायु प्रदूषण की स्थिति को कंट्रोल करने और साफ सफाई के लिए सुबह कूड़ा कलेक्शन की टीम और फिर कूड़े को अलग-अलग करके उसे पृथक करने के काम की भी जानकारी हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने यहां वर्किंग के फोटो व वीडियो भी अपने पास कैद किए हैं ताकि वो इंग्लैंड में इसे अपना सकें।

### विदेशियों ने जाना कैसे होता है गौशाला, टीएसटीपी और वेस्ट से बेस्ट बनाने का काम

**करंट क्राइम** : अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा जानकारी दी गई है कि इंग्लैंड से गाजियाबाद आए 26 लोगों की टीम में 22 छात्र और चार अध्यापक शामिल रहे। सभी ने गाजियाबाद नगर निगम की वर्किंग को जाना है। तो वही स्वच्छ मोहल्ला स्क्वायड के प्रयासों पर भी उन्होंने जानकारी हासिल की है। वहीं इस दौरान विदेश से आई टीम के इन सदस्यों ने सफाई और अन्य कार्यक्रमों के साथ ही गौशाला कन्हा उपवन जाकर यहां किस तरीके से गायों का रखरखाव और उपचार होता है। इसके साथ ही टीएसटीपी प्लांट इंदिरापुरम में किस प्रकार से पानी को साफ कर इस्तेमाल किया जाता है। वहीं मियांबाकी पद्धति से प्लांटेशन और मेरठ रोड तिराहे पर बनाए जा रहे म्यूजिकल सितार को भी दिखाया गया है। वहीं वेस्ट सामान से कैसे बेस्ट चीज निर्मित की जाती हैं, इस पद्धति को भी इंग्लैंड से आए विदेशी दल ने जानने का काम किया है।

# 21 को काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करेंगे अधिवक्ता

## एडवोकेट अमेंडमेंट बिल-2025 की मांग को लेकर 25 फरवरी को रहेगी प्रदेशव्यापी हड़ताल

### पुलिस और खुफिया विभाग रखेगा नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : 21 फरवरी को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ता बार गाजियाबाद के बैनर तले काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे और शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। वहीं एडवोकेट अमेंडमेंट बिल-2025 में अधिवक्ताओं की मूलभूत मांगो को पूरा न किए जाने पर बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 25 फरवरी को अधिवक्ता प्रदेश व्यापी हड़ताल पर रहेंगे। वह अपने दैनिक काम से विरत रहेंगे। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव अमित नेहरा ने जानकारी दी है कि 21 तारीख को शांतिपूर्वक ज्ञापन कार्यक्रम रहेगा और 25 फरवरी को अधिवक्ता काम नहीं करेंगे।



उधर अधिवक्ताओं का कहना है कि बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष सम्राट पांडे ने सरकार द्वारा एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में अधिवक्ताओं के मेडिकल प्रोटेक्शन जैसी सुविधाओं को दरकिनार किया है। साथ ही छह अन्य मांगों को भी सरकार द्वारा नहीं सुना जा रहा है। जिसमें सरकार से अधिवक्ताओं के हित में पिछले 6 माह से अधिवक्ताओं के परिवारों के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट परिषद में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित ना किया जाए। प्रदेश के अधिवक्ताओं का 10 लाख का मेडिक्लेम हो। वहीं मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि समेत 6 अन्य बिंदुओं पर की जा रही है लेकिन अभी तक संशोधन विधेयक में उनकी अनदेखी की जा रही है। जिसका अधिवक्ता लगातार विरोध कर रहे हैं।

#### कमिश्नरेट में लगी है धारा-163, पुलिस रहेगी अलर्ट

**करंट क्राइम** : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों का कहना है कि इन दिनों कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा-163 लागू है। अधिवक्ताओं के विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्वक होने की सूचना है। तो वहीं 25 फरवरी को जो हड़ताल है, उसपर भी पुलिस निगरानी रखेगी ताकि किसी प्रकार की स्थिति न बिगड़ने पाए।



## संपादकीय

# विश्वसनीयता का पैमाना

सरकार पर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में नियम-कानूनों के दायरे से बाहर जाने का आरोप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के महज 48 घंटे पहले लिया गया यह फैसला विवादों में घिरा है। सरकार, विपक्ष और चुनाव आयोग को विश्वसनीयता की कसौटी पर खरा उतरना होगा।

राष्ट्रपति द्वारा सोमवार देर रात की गई मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के मामले में सरकार पर नियम-कानूनों के दायरे से बाहर जाने का कोई आरोप नहीं है। इसके बावजूद अगर फैसले को लेकर सवाल उठ रहे हैं और विवादों से नहीं बचा जा सका तो स्पष्ट है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में नियम-कानूनों के पालन की रस्म अदायगी हमेशा काफी नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई फैसला ऐसे समय आया, जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को 48 घंटे भी नहीं रह गए थे। तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति के एक अहम सदस्य के तौर पर नेता प्रतिपक्ष ने बैठक में इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाते हुए फैसले को स्थगित करने का प्रस्ताव भी रखा। लेकिन प्रधानमंत्री और उनके द्वारा मनोनीत सदस्य गृहमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष की राय को दरकिनार करते हुए बहुमत से फैसला कर अपनी सिफारिशें राष्ट्रपति के पास भेज दीं।

सवाल अधिकारों के इस्तेमाल का हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई थी। इससे साफ है कि सरकार ने नियुक्ति को अंतिम रूप देकर अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं किया है। उसे इस फैसले का अधिकार था। सवाल यह है कि क्या ऐसा करके सरकार ने अपने अधिकारों का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित किया है?

मुद्दा है विश्वसनीयता यहां मूल प्रश्न है मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा विश्वसनीय और विवाद रहित कैसे बनाया जाए। नियुक्ति समिति में देश के मुख्य न्यायाधीश के बदले कैबिनेट मंत्री को जगह देने से विपक्ष को बेशक एक मुद्दा मिल गया है, लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसे मामलों में प्रक्रिया को एक हद से ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती। अच्छी से अच्छी प्रक्रिया भी दुरुपयोग का शिकार हो सकती है।

कोर्ट का रुख सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई बुधवार को ही होनी है। देखना होगा कि कोर्ट का रुख कैसा होता है। लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावों की विश्वसनीयता का सवाल जितना जरूरी है उतना ही व्यापक भी। इसे महज एक नियुक्ति या नियुक्ति की प्रक्रिया तक सीमित नहीं माना जा सकता। जाहिर है, सरकार और विपक्ष के साथ ही चुनाव आयोग को भी अपनी भूमिका विश्वसनीयता और जिम्मेदारी की दोहरी कसौटी पर परखते हुए आगे बढ़ना होगा।

# कतर के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर सावधानी से आगे बढ़े भारत

## जीटीआरआई ने सरकार को चेताया



**नई दिल्ली।** जीटीआरआई ने कहा कि भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पेट्रोरसायन और ऊर्जा संबंधी आयात पर शुल्क रियायतों से घरेलू उद्योगों को नुकसान न पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) में प्रवेश करने की संभावना तलाशने पर सहमत हुए हैं।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बुधवार को कहा कि भारत को कतर के साथ संभावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर, खासकर पेट्रोरसायन क्षेत्र में सावधानी से कदम आगे बढ़ाना चाहिए, क्योंकि दोनों देश इस क्षेत्र में मजबूत हैं। जीटीआरआई ने कहा कि भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पेट्रोरसायन और ऊर्जा संबंधी आयात पर शुल्क रियायतों से घरेलू उद्योगों को नुकसान न पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) में प्रवेश करने की संभावना तलाशने पर सहमत हुए हैं। इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 28 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। सीईपीए एक तरह का मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होता है। इसमें आमतौर पर दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार किए जाने वाले अधिकतम उत्पादों (90-95 प्रतिशत) पर सीमा शुल्क को या तो पूरी तरह खत्म कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाते हैं।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार संरचना को देखते हुए, व्यापार समझौते पर ह्लसावधानी से विचार किया जाना चाहिए ह्ल उन्होंने कहा कि भारत के पास एक अच्छी तरह से विकसित घरेलू पेट्रोरसायन उद्योग है। यदि शुल्क में कटौती से कतर से सस्ते आयात का प्रवाह होता है, तो इसे चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि कतर के साथ भारत का पहले से ही काफी व्यापार घाटे में है और अगर यदि बाजार को संतुलित नहीं किया जाता है तो व्यापार समझौते के बाद यह घाटा और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, ह्लइस तरह के समझौते पर आगे बढ़ने से पहले क्षेत्रीय प्रभावों, विशेष रूप से ऊर्जा और विनिर्माण का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन आवश्यक होगा ह्व कतर के साथ भारत का व्यापार काफी असंतुलन वाला है। वित्त वर्ष 2023-24 में कतर से देश का आयात 12.34 अरब डॉलर था, जबकि भारत का निर्यात सिर्फ 1.7 अरब डॉलर था।

## शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद फिर लाल निशान पर क्लोजिंग, सेंसेक्स-निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली।** बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 28.21 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 75,939.18 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में यह 757.2 अंक के उतार-चढ़ाव के साथ 76,338.58 के उच्चतम और 75,581.38 के निम्नतम स्तर पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 12.40 अंक अथवा 0.05 प्रतिशत गिरकर 22,932.90 अंक पर आ गया।

### टीसीएस और इंफोसिस के शेयरों में दो फीसदी से अधिक की गिरावट



सेंसेक्स में शामिल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, सन फार्मा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा भी पिछड़ गए। लाभ कमाने वाले शेयरों में जोमैटो का शेयर करीब 5 प्रतिशत चढ़ा। लार्सन एंड टूब्रो, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल रहे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एफआईआई प्रवाह में उलटफेर ने बाजार की गतिशीलता को प्रभावित किया है; हालांकि, इस प्रवृत्ति का स्थायित्व अनिश्चित बना हुआ है। अमेरिकी टैरिफ और ब्याज दरों में कटौती में देरी की चिंताओं के बावजूद, बाजार की धारणा भारत की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के बारे में आशावादी बनी हुई है। एशियाई बाजारों में सियोल और शंघाई सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि टोक्यो और हांगकांग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार अधिकतर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। आईटी शेयरों में बिकवाली के कारण बाजार थोड़े नकारात्मक रुझान के साथ बंद हुआ। व्यापक बाजारों में काफी आशावाद देखा गया क्योंकि हाल की बिकवाली के बाद मिड और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी आई।

## चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान, एसबीआई की शोध में दावा



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने एक शोध में यह बात कही है। रिपोर्ट के अनुसार, 36 उच्च आवृत्ति संकेतकों का लाभ मिलने के कारण चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अनुमानित जीडीपी वृद्धि 6.2 प्रतिशत से 6.3 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार, 2024-25 के लिए ह्यरियलह्ण और ह्यनॉमिनलह्ण जीडीपी वृद्धि दर क्रमशः 6.4 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, स्वस्थ ग्रामीण अर्थव्यवस्था स्थिरता को मजबूत कर रही है और अन्य क्षेत्रों में गति बनाए रख रही है। मौजूदा घरेलू मुद्रास्फीति में मंदी उच्च विवेकाधीन खर्च को प्रोत्साहित और मांग-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देती है। एसबीआई की शोध के अनुसार चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पूंजीगत व्यय में सुधार दिख रहा है। भू-राजनीतिक घटनाक्रम और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी बाधाओं के कारण कैलेंडर वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में मंदी का असर न केवल भारत बल्कि अन्य देशों पर भी पड़ा है। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत अब भी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के हालिया वैश्विक वृद्धि पूर्वानुमान में अनुमान लगाया गया है कि मजबूत घरेलू मांग तथा सरकार की ओर से नीतिगत हस्तक्षेप से भारत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 और आगामी वित्त वर्ष 2025-26 दोनों में 6.5 प्रतिशत रहेगी।

## केंद्र ने बाढ़, भूस्खलन और चक्रवात से प्रभावित पांच राज्यों को दी राहत, 1554.99 करोड़ रुपये की मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार के आधारिकारिक बयान के अनुसार, कुल 1554.99 करोड़ रुपये में से आंध्र प्रदेश को 608.08 करोड़ रुपये, नगालैंड को 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा को 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना को 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा को 288.93 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक समिति ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत वर्ष 2024 में बाढ़, भूस्खलन और चक्रवाती तूफानों से प्रभावित पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता राशि मुहैया कराने को मंजूरी दी है। आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 1554.99 करोड़ रुपये में से आंध्र प्रदेश को 608.08 करोड़ रुपये, नगालैंड को 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा को 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना को 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा को 288.93 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। आज गृह मंत्रालय ने एनडीआर कोष के तहत आंध्र प्रदेश, नगालैंड, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा को 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता राशि को मंजूरी दी। सभी राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआर कोष) के तहत पहले ही 18,322.80 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं जिसके बाद पांच राज्यों को यह अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की गई है। यह अतिरिक्त सहायता उन निधियों के अतिरिक्त है जो केंद्र सरकार पहले ही राज्यों को उनके एसडीआर कोष के तहत जारी कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, केंद्र ने एसडीआरएफ के तहत 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ रुपये, एनडीआरएफ से 18 राज्यों को 4,808.30 करोड़ रुपये, राज्य आपदा शमन कोष से 14 राज्यों को 2,208.55 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा शमन कोष से आठ राज्यों को 719.72 करोड़ रुपये जारी किए हैं। बयान के अनुसार, केंद्र सरकार ने औपचारिक ज्ञापन प्राप्त करने की प्रतीक्षा किए बिना ही इन राज्यों में कई अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम आपदा के तुरंत बाद तैनात कर दी थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मानव दांत चट्टानो जितने मजबूत होते हैं।
- ऊंट का दूध फटता नहीं। ऊंट बिना कूबड़ के पैदा होते हैं।
- आइसलैंड में पालतू कुत्ता रखना कानूनी जुर्म है।
- जिराफ तैर नहीं सकते।
- यूरोप का सबसे बड़ा देश रूस है।
- भारत में जितना नमक का उत्पादन होता है, उसमें से सिर्फ 35% ही भोजन में इस्तेमाल होता है।
- रविवार की छुट्टी सन् 1843 ईस्वी से शुरू हुई थी।
- रूस दुनिया का एक ऐसा देश है जिसके एक भाग में दिन और एक भाग में रात होती है।
- सानमारिनो ऐसा देश है, यहाँ पर दो राष्ट्रपति होते हैं।
- गर्म पानी ठंडे पानी से पहले बर्फ में तबदील हो जाता है।
- पैराशूट की खोज हवाई जहाज से भी पहले हुई थी, वो भी एक शताब्दी पहले।
- सिगरेट लाइटर की खोज माचिस की खोज से पहले हुई थी।
- हर वर्ष दो मिनट ऐसे होते हैं, जिनमे दो मिनट 61 सेकंड्स के होते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज मिश्रित परिणामों की अवधि है. इस समय आप थोड़े चिंतित हो सकते हैं। आप अनावश्यक जटिलताओं में फंस सकते हैं।

**वृष:** आज आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। पुरानी बातों में उलझे रहने के स्थान पर बदलाव के लिए जो कुछ जरूरी है उसपर फोकस करें।

**मिथुन:** आज दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है।

**कर्क:** आज आपका स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता हैं। वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कार्यों में दिन बीतेगा।

**सिंह:** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं।

**कन्या:** नौकरी और व्यवसाय के लिए यह एक अच्छा समय है। उपलब्धियों के लिए उचित पारितोषिक प्राप्त हो सकता है। वृद्धि और बेहतरी के मजबूत संकेत हैं।

**तुला:** आज आपको पुराने कर्ज से छुटकारा मिलेगा। भाग्य भरोसे ना रहे, मेहनत पर ध्यान दें। ध्यान रखें कि सब्र से आप सब कुछ जीत सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**धनु:** यदि परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश है तो चीजें आपके पक्ष में होंगी। नौकरी में रहने वाले खुद को सफलता की सीढ़ी पर पाएंगे।

**मकर:** खुद को बेहतर और आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस करेंगे। अंदर नेतृत्व करने की बेहद खास क्षमता है। पारिवारिक समस्याओं से मन विचलित रहेगा।

**कुंभ:** आज दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**मीन:** आज भाग्य आपके पक्ष में होगा। आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे। ऐसे मजबूत संकेत हैं कि आप एक नए उद्यम में प्रवेश करेंगें।

## चुटकुले

एक आदमी ने कंडक्टर से पूछा- आप कितने घंटे बस में रहते हो?
कंडक्टर- जी 24 घंटे
आदमी- वो कैसे?
कंडक्टर- देखिए, 8 घंटे तो सिटी बस में रहता हूं और
बाकी के 16 घंटे बीवी के बस में रहता हूं

---

एक बेवकूफ पति अपनी पत्नी से कहता है कि कभी-कभी चुप भी रहा करो।
मगर एक बुद्धिमान पति कहता है कि तुम्हारे लब जब खामोश रहते हैं, तो चेहरा बेहद हसीन लगता है।

---

पत्नी- ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति- ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सिरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो ना, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

## 20 02 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



अन्नू कपूर
अभिनेता



अंचिता



अनुष्का



चैतन्या रावत



अमित डबास



अनिल वशिष्ठ



मनीष मुख्तसर (वरिष्ठ पत्रकार)



यादराम कुमार (पत्रकार)



अंशु ठाकुर



गौरव मलिक



रोहित चौहान



सौरभ कुमार



सुधीर शर्मा



सुशील कुमार



योगेश शर्मा




वीरेंद्र चौधरी



दीपांशु पंडित



अंकित सोनी



राहुल सक्सेना



योगेन्द्र कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## बरेली में ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आगाज

# पहले दिन रुहेलखंड विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का दबदबा कायम






**बरेली।** बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय ग्रेपलिंग (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पुरुष वर्ग के गी श्रेणी (पारंपरिक वेशभूषा में) के मुकाबले हुए। इसमें अंडर-46 किलो भारवर्ग में रुविवि के शिवम दिवाकर ने स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वर्णिम गुजरात विश्वविद्यालय के क्रिनाल ने रजत, निरवान विश्वविद्यालय जयपुर के रिंकू और राजस्थान के माधव विश्वविद्यालय के प्रियांशु चौधरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

अंडर-50 किलो भारवर्ग में रुविवि के दुर्वेश पाल को स्वर्ण, वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के ज्ञाननेंद्र कुमार को रजत, राजू श्रॉफ आरओएफईएल गुजरात के विशाल यादव और डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय राजस्थान के राघव कुमार को कांस्य पदक मिला।

अंडर-54 किलो भारवर्ग में रुविवि के विजयवीर यादव ने स्वर्ण, डीएवी विश्वविद्यालय जालंधर पंजाब के ध्रुव शर्मा ने रजत, निरवान विश्वविद्यालय जयपुर के अंकित शर्मा और कालीकट विश्वविद्यालय के अरविंद रमन ने कांस्य पदक जीते। अंडर-58 किलो भारवर्ग में देश भगत यूनिवर्सिटी पंजाब के अंकुर ने स्वर्ण, रुविवि के दीक्षांत ने रजत, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय के चौहान विवेक और मौलाना आजाद विश्वविद्यालय जोधपुर के युवराज सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

अंडर-66 किलो भारवर्ग में देश भगत विश्वविद्यालय पंजाब विवि के अमन को स्वर्ण, एचवीएनएसजी विश्वविद्यालय सूरत के विद्जा ओम कुमार को रजत, वीजी विश्वविद्यालय जयपुर के पुष्पेंद्र सिंह रजावत और मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के विश्वेंद्र सिंह पनवार को कांस्य पदक मिला।

### खेलों में भारत की भागीदारी महज सात फीसदी : अहलावत

शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी व कुलपति खेल विश्वविद्यालय मेरठ मेजर जनरल दीप अहलावत, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी यशपाल सिंह राणा उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ. इरम नईम ने किया। शुभारंभ समारोह में 15 राज्यों से आई टीमों के 349 खिलाड़ी, 48 टीम मैनेजर और कोच ने झंडा फहराकर, मार्च पास्ट कर शपथ ली। कुलपति प्रो. केपी सिंह और मेजर जनरल दीप अहलावत ने गुब्बारे और कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। क्रीड़ा सचिव प्रो. एसएस बेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। मेजर जनरल दीप अहलावत ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में भारत की भागीदारी महज सात फीसदी है। वहीं, जापान जैसे देशों में यह 50 प्रतिशत से भी ऊपर है। इसके बाद भी, देश की खेल इंडस्ट्री में 14 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय को ग्रेपलिंग प्रतियोगिता की मेजबानी मिलने को गर्व की बात बताया। राष्ट्रगान से समारोह का समापन हुआ।

# भारतीय महिला हॉकी टीम स्पेन से 3-4 से हारी, पुरुषों में जर्मनी ने टीम इंडिया को 4-1 से हराया





**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम को मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में स्पेन के हाथों 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम को खेल के हर क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन के कारण मंगलवार को इसी प्रतियोगिता में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी के हाथों 1-4 से करारी हार का सामना करना पड़ा।

महिला टीम को स्पेन ने हराया

भारतीय महिला टीम पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में बलजीत कौर (19वें मिनट) के गोल की मदद से बढ़त बना ली थी लेकिन स्पेन ने दो मिनट बाद ही सोफिया रोगोस्की (21वें मिनट) के गोल की मदद से बराबरी कर ली। बलजीत का यह सीनियर स्तर पर पहला गोल था।

स्पेन ने भारतीय टीम पर दबाव बनाए रखा तथा दूसरे क्वार्टर में ही एस्टेल पेटचामे (25वें मिनट) के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया। साक्षी राणा ने 38वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि रुताजा दादासो पिसल (45वें मिनट) के गोल की बदौलत उसने बढ़त हासिल कर ली।

स्पेन ने हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में शानदार वापसी की तथा एस्टेल (49वें मिनट) और लूसिया जिमेनेज (52वें मिनट) के गोल की मदद से अपनी जीत सुनिश्चित की। स्पेन ने यह दोनों गोल पेनल्टी कार्नर पर किए। भारतीय महिला टीम अपने पिछले मैच में इंग्लैंड से हार गई थी।

पुरुष टीम को जर्मनी से मिली हार

वहीं, बात करें पुरुष हॉकी टीम की तो भारत की रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन अच्छा नहीं था, जबकि अंतिम तीन क्वार्टर में उसकी अग्रिम पंक्ति भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। फ्लोरियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल करके जर्मनी को बढ़त दिला दी लेकिन गुरजंत सिंह (13वें मिनट) ने छह मिनट के भीतर भारत को बराबरी पर ला दिया।

पहला क्वार्टर रोमांचक साबित हुआ, जिसमें कुल तीन गोल हुए। जर्मनी की तरफ से दूसरा गोल थिस प्रिंज ने 14वें मिनट में किया। इस तरह से जर्मनी पहले क्वार्टर में आगे रहा। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन चौथे क्वार्टर में जर्मनी ने भारतीय रक्षा पंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर दो गोल दागे और इस तरह से बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

जर्मनी की तरफ से चौथे क्वार्टर में मिशेल स्ट्रूथॉफ (48वें) और राफेल हार्टकोफ (55वें) ने गोल किए। इस मैच में सीनियर डिफेंडर अमित रोहिदास ने भारतीय टीम का नेतृत्व किया क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह शुरूआती एकादश का हिस्सा नहीं थे। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि चैंपियन ड्रैग फ्लिकर मैच के शुरू में क्यों नहीं खेला। हरमनप्रीत को हालांकि भारत के दूसरे मैच में विश्राम दिया गया था।

अपने आखिरी मुकाबले में स्पेन पर 2-0 से जीत के बाद इस मैच में उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही क्योंकि स्पर्लिंग ने गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के खतरे को विफल करने में असमर्थ होने के कारण पहला गोल किया। भारत ने तुरंत ही जवाबी हमला किया और अनुभवी फारवर्ड गुरजंत ने गेंद को प्रतिद्वंद्वी के गोलपोस्ट में डालकर हिसाब बराबर कर दिया।

जर्मनी ने हालांकि पलक झपकते ही फिर से बढ़त हासिल कर ली। इस बार प्रिंज ने पाठक को छकाया। पहले क्वार्टर की समाप्ति पर जर्मनी 2-1 से आगे था। भारत के पास 20वें मिनट में बराबरी करने का शानदार मौका था लेकिन राजिंदर के पास पर गुरजंत निशाना चूक गए। इसके चार मिनट बाद अर्शदीप सिंह भी गोल करने का मौका चूक गए, जबकि स्थानापन्न गोलकीपर सूरज करकेरा ने स्पर्लिंग को गोल करने से रोका।

मध्यांतर के बाद भारत को सर्कल के अंदर अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत थी, लेकिन जर्मन टीम ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। भारत ने गोल करने के प्रयास किए लेकिन जर्मनी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। इसके बजाय जर्मनी ने चौथे और अंतिम क्वार्टर में सात मिनट के भीतर दो बार गोल करके मैच अपने पक्ष में कर लिया। भारत की तीन मैचों में यह दूसरी हार है।



# गिल आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बैटर बने

## पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़ा

## बॉलर्स में श्रीलंका के तीक्षणा टॉप पर

**मुंबई।** भारतीय ओपनर शुभमन गिल क्क्षउ वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बैटर बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ा। गिल पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थे। आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। वहीं, बॉलिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर टॉप पर आ गए हैं।

बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। कप्तान रोहित शर्मा तीसरे और विराट कोहली छठे स्थान पर बने हुए है। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का फायदा हुआ है, वे नौवीं पॉजिशन पर पहुंच गए हैं।

### गिल दूसरी बार वनडे मे नंबर-1 बने

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेले गए तीन मैचों की सीरीज के शुरूआती दो वनडे मैचों में अर्धशतकीय और तीसरे में शतकीय पारी खेली थी, इसका फायदा उन्हें मिला है। उन्होंने तीन मैचों में 259 रन बनाए थे। यह दूसरी बार है जब गिल ने वनडे क्रिकेट में नंबर-1




रैंकिंग हासिल की है। उन्होंने 2023 में मेंस वनडे वर्ल्ड कप के बीच में बाबर को पीछे छोड़कर टॉप रैंक हासिल किया था।

तीक्षणा टॉप पर पहुंचे बॉलर्स रैंकिंग में श्रीलंका के स्पिनर महीश तीक्षणा टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। बॉलर्स रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। सिराज 10वें स्थान पर बने हुए है।

वनडे के ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप-5 में बदलाव नहीं हुआ। टॉप-10 में केवल एक भारतीय रवींद्र जडेजा शामिल हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी टॉप पर बरकरार हैं।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल विदर्भ 260 रन से आगे



**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं। बुधवार को मैच के तीसरे दिन मुंबई के खिलाफ विदर्भ 260 रन से आगे हो गया है। टीम ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 147 रन बना लिए। मुंबई से पहली पारी में आकाश आनंद ने शतक लगाया।

दूसरे सेमीफाइनल में केरल के खिलाफ गुजरात 235 रन से पीछे है। टीम ने अपनी पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 222 रन बना लिए हैं। केरल ने पहली पारी में 457 रन बनाए।

सेमीफाइनल-1: विदर्भ ५२ गुजरात नागपुर के वीसीए स्टेडियम में मुंबई ने तीसरे दिन 188/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। तनुष कोटियन ने 5 और ओपनर आकाश आनंद ने 67 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। टीम 270 रन बनाकर सिमट गई। आकाश ने 106 रन बनाए। कोटियन 33 और मोहित अवस्थी 10 रन बनाकर आउट हुए। विदर्भ से पार्थ रेखडे ने 4 विकेट लिए। यश ठाकुर और हर्ष दुबे को 2-2 विकेट मिले। वहीं दर्शन नालकंडे और नचिकेत भूते ने 1-1 विकेट लिया। विदर्भ ने अपनी पहली पारी में 383 रन बनाए थे, इसलिए उन्हें 113 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में विदर्भ ने जल्दी विकेट गंवाए विदर्भ ने दूसरी पारी में 56 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। अथर्व तायडे खाता भी नहीं खोल सके। वहीं ध्रुव शोरे ने 13, दानिश मालेवार ने 29 और करुण नायर ने 6 रन बनाए। स्टंप्स तक यश राठौड़ 59 और अक्षय वाडकर 31 रन बनाकर नॉटआउट रहे। विदर्भ ने 4 विकेट खोकर 147 रन बना लिए हैं। इसलिए उनके पास फिलहाल 260 रन की बढ़त है।

# दुबई चैंपियनशिप में बेरेटिनी से हारे जोकोविच



**दुबई।** नोवाक जोकोविच मंगलवार को कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में मातियो बेरेटिनी के हाथों शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सर्बिया के जोकोविच को सीधे सेट में 6-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच की इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पांच मैच में यह पहली हार है। जोकोविच को अब एटीपी टूर पर 100 खिताब जीतने वाले जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के क्लब में शामिल होने के लिए और इंतजार करना होगा।

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन पैर की मांसपेशियों की चोट के कारण उन्हें एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच के बीच से हटना पड़ा। जोकोविच ने कहा कि उन्हें कोई दर्द या परेशानी महसूस नहीं हुई। उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ एक बेहतर खिलाड़ी से हार गया। मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था और यह हो सकता है कि मैं अब भी उस तरह से मूव नहीं कर पा रहा हूं जैसा कि मैं चाहता हूं। लेकिन मैं बिना दर्द के खेला इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है।'

बेरेटिनी ने अपने करियर में 10वीं बार शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल की और दूसरे दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर का सामना करेंगे। मंगलवार को ही दूसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर ने रोमन सफीउलिन को 6-1, 7-5 से हराया। वहीं, ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में कैरोलिन मुकोवा के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

### मुकोवा के खिलाफ हारी राडुकानु

राडुकानु ने दूसरे सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद सेट को टाईब्रेकर में खींचा लेकिन मुकोवा को 6-7, 4-6 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाईं। अमेरिकी ओपन 2021 चैंपियन राडुकानु मंगलवार को दूसरे गेम के बाद अंपायर की कुर्सी के पास जाते समय रोती हुई दिखाई दीं और कोर्ट दो पर उनके मुकाबले को कुछ समय के लिए रोक दिया गया।

अंपायर ने तुरंत टूर्नामेंट के आयोजकों को बुलाया जबकि मुकोवा ने भी उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद राडुकानु ने एक तौलिया उठाया, अपना चेहरा पोंछा, सिर हिलाया और मैच जारी रखा। महिला टूर के आयोजकों ने बाद में एक बयान जारी कर कहा कि राडुकानु से सोमवार को एक व्यक्ति ने संपर्क किया था जिसने सार्वजनिक स्थान पर ह्यअड़ियल व्यवहार कियाह्न और मंगलवार को मैच के दौरान पहली कुछ पंक्तियों में इसी व्यक्ति की पहचान की गई और बाद में उसे बाहर निकाल दिया गया।

खतरे के आकलन तक उसे सभी डब्ल्यूटीए प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। मुकोवा अगले दौर में दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी मैकार्टनी कैसलर से भिड़ेंगी जिन्होंने उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन 2023 चैंपियन कोको गॉफ को 6-4, 7-5 से हराया। इससे पहले दूसरी वरीय इगा स्वियातेक ने विक्टोरिया अजारेंका को 6-0, 6-2 से हराया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनकी भिड़ंत गत चैंपियन जैस्मिन पाओलिनी से होगी। एलेना रिबाकिना, जेसिका पेगुला और पाउला बेडोसा ने भी अगले दौर में जगह बनाई।

# बीकानेर में वेटलिफ्टिंग की नेशनल चैंपियन की गर्दन टूटी

**बीकानेर।** बीकानेर की महिला पावर लिफ्टर यष्टिका आचार्य(17) की जिम में प्रैक्टिस करते हुए मौत हो गई। गोल्ड मेडलिस्ट प्लेयर की गर्दन 270 किलो की रॉड गिरने से टूट गई। हादसे के तुरंत बाद उन्हें जिम में ही फर्स्ट-ऐड देने की भी कोशिश की गई। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पूरे हादसे का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में युवती वेटलिफ्टिंग करती नजर आ रही है। पीछे ट्रेनर भी खड़ा है। इसी दौरान वेट उठाते हुए अचानक वे गिर पड़ी और स्क्वॉट्स रोड गर्दन पर आ गिरी।

हादसा मंगलवार शाम करीब 7 बजे नया शहर थाना इलाके की जिम का है। जानकारी के अनुसार आचार्य चौक की रहने वाली यष्टिका डेली की तरह कोच की मौजूदगी में प्रैक्टिस कर रही थीं। अचानक ही वेट उनकी गर्दन पर गिर गया। वहां मौजूद दूसरे प्लेयर्स ने वेट को उनके ऊपर से हटाया। घटना के तुरंत बाद ही यष्टिका बेहोश हो गई



थी। कोच ने उन्हें सीपीआर भी दी, लेकिन हलचल नहीं हुई।

### एक ही कॉम्पिटिशन में 2 मेडल

कुछ समय पहले ही यष्टिका ने गोवा में आयोजित 33वीं नेशनल बेंच प्रेस चैंपियनशिप में इक्विप्ड कैटेगरी में गोल्ड और क्लासिक कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता था। यष्टिका के पिता ऐश्वर्य आचार्य (50) कॉन्ट्रैक्टर हैं। ऐश्वर्य आचार्य के 3 बेटियां हैं। यष्टिका के अलावा एक और बेटी पावर लिफ्टिंग करती है। वह इन दिनों स्टेट टूर्नामेंट के लिए पावर लिफ्टिंग कर रही है। ऐश्वर्य परिचित की शादी में परिवार के साथ हनुमानगढ़ गए थे, लेकिन यष्टिका प्रैक्टिस की नियमितता बनाए रखने के लिए नहीं गई।

### परिजनों ने मामला दर्ज नहीं करवाया

नया शहर थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया- परिजनों ने मामला दर्ज नहीं करवाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाया है, लेकिन एफआईआर नहीं हुई है। हालांकि पुलिस अपनी जांच कर रही है।

जब ट्रेनर यष्टिका को वेट लिफ्ट करवा रहा था, उसने पहले एक.. दो.. तीन.. बोला। इसके बाद ही उसने वेट उठाया, लेकिन पूरा वेट उसकी गर्दन पर आ गया। यष्टिका इसे संभाल ही नहीं पाई। इसके बाद वो निढाल होकर गिर पड़ी। इसी दौरान ट्रेनर को भी सामान्य चोट आई। बीकानेर के नत्थूसर गेट पर बड़ा गणेश मंदिर के पास ही द पावर हेडक्टर जिम कुछ महीने पहले ही खुला था।

# मुंबई ने गुजरात को 5 विकेट से हराया: सिवर-ब्रंट की फिफ्टी, 2 विकेट भी लिए, हेली मैथ्यूज को 3 विकेट

**वडोदरा।** विमेंस प्रीमियर लीग के पांचवें मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हरा दिया। यह मुंबई की सीजन में पहली जीत है, वहीं गुजरात की 3 मैचों में दूसरी हार। मंगलवार को वडोदरा में गुजरात 120 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मुंबई ने 16.3 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

मुंबई के लिए नैटली सिवर-ब्रंट ने 2 विकेट लेने के बाद फिफ्टी भी लगाई। हेली मैथ्यूज ने 3 और अमीलिया केर ने 2 विकेट लिए। गुजरात से काशवी गौतम ने 20 रन बनाने के बाद 2 विकेट भी लिए। हरलीन देओल ने 32 रन की पारी खेली।

गुजरात 120 रन बनाकर ऑलआउट कोटाम्बी स्टेडियम में मुंबई ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने पावरप्ले में 28 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। हरलीन देओल ने 32 और काशवी गौतम ने 20 रन बनाकर स्कोर किसी तरह 120 रन तक पहुंचा दिया। मुंबई से अमनजोत कौर और शबनिम इस्माइल को भी 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुईं।

मुंबई की मजबूत शुरूआत 121 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत मजबूत रही। टीम ने पावरप्ले में 1 ही विकेट गंवाया।



हेली मैथ्यूज 17, यस्तिका भाटिया 8 और हरमनप्रीत कौर 4 रन बनाकर आउट हुईं। अमीलिया केर ने टीम को संभाला, लेकिन वे 19 रन बनाकर आउट हो गईं।

सिवर ब्रंट ने 33 गेंद पर फिफ्टी लगाई। वे 57 रन बनाकर आउट हुईं। आखिर में सजीवन साजना ने 9 और जी कमलिनी ने 4 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। गुजरात से प्रिया मिश्रा ने 2 और तनुजा कंवर ने 1 विकेट लिया।

पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में पहुंची टकगुजरात को हढछ इतिहास में लगातार पांचवां मैच हराकर मुंबई ने पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम को पहले मुकाबले में दिल्ली ने हराया था। आरसीबी 2 मैच जीतकर टॉप पर है। वहीं गुजरात 3 में से 2 मैच हारकर 2 पॉइंट्स लेकर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। दिल्ली चौथे और यूपी पांचवें नंबर पर है।

# मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन, सचिन तेंदुलकर ने पोस्ट कर जताया दुख

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 साल के थे। पिछले रविवार को 76 साल के हुए रेगे को ब्रीच कैंडी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था और बुधवार सुबह करीब छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मिलिंद रेगे के निधन पर दुख जताया है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। वह मुंबई के एक सच्चे क्रिकेटर थे। उनका शहर के क्रिकेट के उत्थान में बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने और सीसीआई के अन्य सदस्यों ने मुझमें क्षमता देखी और मुझे सीसीआई के लिए खेलने के लिए कहा। अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे लगता है कि वह मेरे करियर



में एक ऐतिहासिक क्षण था। वह कड़ी मेहनत करने वाले, आशावान लोगों में से एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी को चुनने की अद्भुत क्षमता रखते थे। सभी स्तरों पर, विशेषकर जूनियर स्तर पर प्रतिभा को चुनने के लिए उनके पास विशेष छठी इंद्रिय थी। वह अपने पीछे एक शून्य छोड़ गए हैं, जिसे भरना कठिन है। वह भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन लोगों के जीवन पर उनकी छाप हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने कई लोगों के जीवन में बदलाव लाया और निश्चित रूप से मेरे जीवन में सबसे बड़ा बदलाव लाया। सर, हर चीज के लिए धन्यवाद। उनके दोस्तों और परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना।

ऑलराउंडर के रूप में खेलने वाले रेगे को 26 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन वह क्रिकेट के मैदान पर वापस लौटे और रणजी ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी भी की। उन्होंने 1966-67 और 1977-78 के बीच 52 प्रथम श्रेणी मैच खेले और अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी गेंदबाजी से 126 विकेट लिए। उन्होंने बल्ले से भी योगदान दिया और 23.56 के औसत से 1,532 रन बनाए।

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के बचपन के दोस्त रेगे ने गावस्कर के साथ ही स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई की और दादर यूनियन स्पोर्टिंग क्लब में उनके साथ खेला। मुंबई और घरेलू क्रिकेट में सबसे सम्मानित व्यक्तियों में से एक के रूप में रेगे ने अपने करियर के दौरान कई भूमिकाएं निभाईं और क्रिकेट सलाहकार के रूप में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से भी जुड़े रहे।

नागपुर में विदर्भ के खिलाफ अपना रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल खेल रही मुंबई की क्रिकेट टीम रेगे के सम्मान में तीसरे दिन काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरी। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने एक बयान में कहा, 'मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। मुंबई क्रिकेट के दिग्गज। एक खिलाड़ी, चयनकर्ता और मार्गदर्शक (मेंटर) के रूप में उनका योगदान अमूल्य था।'

उन्होंने कहा, 'उनके मार्गदर्शन ने क्रिकेटरों की पीढ़ियों को आकार दिया और उनकी विरासत को हमेशा संजोया जाएगा। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना।'

# नम आंखों से दी गई नानक चंद गोयल को श्रद्धांजलि



गाजियाबाद करंट क्राइम। 6 फरवरी को समाजसेवी तथा व्यापारी नेता नानक चंद गोयल शीरे वालो का निधन हो गया था। बुधवार को उनकी शोक सभा आयोजित की गई। समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर स्वर्गीय नानक चंद गोयल शीरे वालो को श्रद्धांजलि अर्पित की।




## चाहते हैं एक्स तीन जीडीए बोर्ड मेंबर वाला बन जाये सीन

पुराने फूलों की सियासी हसरतों पर रूलो का बुलडोजर चल रहा है। निगम के तीन धुरंधर अपने टिकट को लेकर फुल्ली कन्फर्म थे मगर उन्हे नही पता था कि वो जितना रिलेक्स हैं उतना ही वो एक्स होने की तरफ बढ़ रहे हैं। एक एक्स की दो बड़ी गारंटी फेल हो गई और एक एक्स को स्टे होम करा दिया गया और एक एक्स को मौहल्ले की पब्लिक ने एक्स कर दिया। तीनो विकास को लेकर एक्टिव रहने वाले लीडर हैं और सितम नामित बेला में भी हो गया। सगंठन का फरमान जारी हो गया कि एक्स हो चुके इस लाईन में न लगे। माना कि वो पुराने लीडर है मगर नामित में वो कंसीडर नही होगें। विकास के बिना वो बैचेन हैं और सुझाव के बिना पालिटिक्स अधूरी लग रही है। अब वो चाहते हैं कि नामित न सही जीडीए बोर्ड मेंबर वाला सीन ही बन जाये। वो पहले ही बता चुके हैं कि इसमे एक्स वाला रूल ना बतायें क्योंकि जो मौजूदा हैं वो भी तो एक्स मेंबर हैं। फिलहाल तीन की तमन्ना है कि नामित को छोड़ो और बोर्ड वाला सीन ही बन जाये।

## वहां पार्षद की राहे अलग और मडंल का रास्ता है अलग

सगंठन वालों ने भले ही बागी भी राजी कर लिये हों और वनवास वालों को भी फिर से प्रवास में ले लिया हो मगर फूलवालों के यहां जो गांठे चुनाव में लगी थी वो अभी तक खुली नही हैं और फिलहाल खुलती दिख भी नही रही है। मौहल्ला फूल ही बता रहे हैं कि उससे बोलो तो वो नाराज और इससे बोलो तो वो नाराज वाला सीन चल रहा है। ऐसा मौहल्ला जहां फूल को जनता ने जनादेश दिया है मगर फूल वालों के रास्ते अलग हैं। यहां पार्षद की राहें अलग है और वो मोर्चा वालों को साथ लेकर चल रहे हैं। मडंल वाले बागी की सोहबत में हैं, उनकी मोहब्बत में हैं। अपनी अपना हुक्का अपनी अपनी मरोड़ का सीन चल रहा है। बड़े नेता ने हंसते हुये कह दिया कि हमें इन बातों का संज्ञान लेने की कोई जरूरत ही नही है क्योंकि यहां तो पब्लिक के दिल में भगवा चिराग जल रहा है।

## मिनी ट्रक सवार लोगों ने पिता-पुत्र पर किया जानलेवा हमला

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर राज चौपले पर रोडरेज की घटना के चलते मिनी ट्रक सवार युवकों ने ई-रिक्शा पर सवार पिता पुत्र पर जानलेवा हमला बोल दिया और नुकीली चीज से वारकर उनकी आंख को घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है। लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी निहाल सिंह दोपहर जब अपने पुत्र के साथ ई- रिक्शा से जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर राज चैपले के पास पहुंचे तो ई-रिक्शा की टक्कर मिनी ट्रक से हो गई। इस बात को लेकर निहाल सिंह व ट्रक चालक के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि मारपीट हो गई। मिनी ट्रक सवार चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर निहाल सिंह व उनके पुत्र की सरेराह बेहरमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं आंख पर भी चांबी से कई बार हमला कर आंखो को जख्मी कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। परिजनों ने दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मंगते व दानिश निवासी कताई मिल परतापुर मेरठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

## ‘बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ’ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला एवं कन्या जन्मोत्सव का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद के निर्देशानुसार ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद में ‘पी. सी. पी. एन. डी. टी. एक्ट 1994 पर कार्यशाला’ एवं कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित डॉ अलका शर्मा सीएमएस, डॉ अभिषेक त्रिपाठी रेडियोलॉजिस्ट द्वारा ‘पी. सी. पी. एन. डी. टी. एक्ट 1994’ के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। पी सी पी एन डी टी एक्ट 1994 के अंतर्गत गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण एक दण्डनीय अपराध है।

उक्त अधिनियम के अंतर्गत 3 से 5 साल की सजा और 10,000 से 1,00000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उक्त कार्यशाला के उपरांत डॉ अलका शर्मा द्वारा केक काटकर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 30 नवजात बालिकाओं को बेबी किट व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेहा वालिया एवं मनीषा द्वारा महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई व सभी पात्र बालिकाओं के माता पिता को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ओर नवजात बालिकाओं को नियमानुसार योजना में आवेदन कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## गाजियाबाद में 24 फरवरी से शुरू होंगी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा

### जिला विद्यालय निरीक्षक ने सफल संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद में दिनांक 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक आयोजित हो रही हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद द्वारा सभी 66 केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों, बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षकों तथा प्रीक्षा प्रक्रिया में सम्मिलित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम 2024 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया।

परीक्षा केंद्रों को परीक्षार्थियों से सदयतापूर्ण व्यवहार तथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था परीक्षाकक्ष में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है तथा परीक्षा के उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं को स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की अभिरक्षा में बंद वाहनों द्वारा संकलन केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। केंद्रों के निरीक्षण हेतु 6 सचल दलों की व्यवस्था है। सभी केंद्रों पर परीक्षा शासनादेशों तथा परिषदीय निर्देशों, मानक संचालन प्रक्रिया के आलोक में संचालित की जाएगी।

उपरोक्त निर्देशों/अधिनियम के अतिरिक्त समस्त निरीक्षकों (सचल दल 6) तथा केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट को प्रश्न पत्रों के रख-रखाव स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा डबल लॉक अलमारी में रखे गए प्रश्न पत्रों के व्यवहरण संबंधी शासन/परिषद से प्राप्त दिशा निर्देशों तथा नियमों एवं मानक संचालन प्रक्रिया से अवगत कराया गया है तथा इससे पूर्व भी परीक्षा प्रक्रिया में निरत समस्त केंद्र व्यवस्थापकों, बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दलों इत्यादि से प्रशिक्षण बैठक कर तथा गूगल मीट कर प्रक्रिया तथा दिशा निर्देशों, नियमों, क्या करें? क्या न करें? जैसे निदेर्शों की वृहद चर्चा तथा इनसे संबंधित प्रश्नोत्तर सेशन आयोजित किए जा चुके है।

कंट्रोल रूम से समस्त 66 केंद्रों के स्ट्रॉन्ग रूम तथा परीक्षा कक्ष ऑनलाइन वेबकास्टिंग द्वारा 24x7 सतत रूप से देखे जा रहे हैं, प्रश्न पत्र सभी केंद्रों को सुरक्षित मानक प्रक्रियानुसार भेजे जा चुके हैं तथा स्ट्रॉन्ग रूम की प्रभावी निगरानी लगातार कंट्रोल रूम द्वारा की जा रही है।

## जीडीए की संपत्ति नीलामी में बंपर कमाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने हिंदी भवन लोहिया नगर में दो दिवसीय संपत्ति नीलामी का आयोजन किया। 17 और 18 फरवरी को हुई इस नीलामी से प्राधिकरण को कुल 91.33 करोड़ रुपए की आय होगी। पहले दिन की नीलामी में स्वर्ण जयंतीपुरम योजना के 27 आवासीय प्लॉट, बृज विहार योजना के दो प्लॉट और मधुबन बापूधाम का एक प्लॉट शामिल था। इसके अलावा एक मिल्क बूथ, एक एटीएम क्योस्क और 30 कन्वेनिएंट शॉप की नीलामी से प्राधिकरण को 34.42 करोड़ रुपए की आय होगी।

दूसरे दिन की नीलामी में इंदिरापुरम, सूर्य नगर, वैशाली सेक्टर और अन्य योजनाओं की संपत्तियां शामिल थीं। इनमें आवासीय भवन, भूखंड, कन्वेनिएंट शॉपिंग प्लॉट और आर्ट गैलरी का भूखंड प्रमुख हैं। साथ ही मधुबन बापूधाम, इंदिरापुरम और बृज विहार योजना में सामुदायिक केंद्र 10 साल की लीज पर दिए गए। पुराना बस अड्डा में ऑटो स्टैंड और प्रताप विहार योजना में एक कमर्शियल प्लॉट की नीलामी भी हुई। दूसरे दिन की नीलामी से प्राधिकरण को 56.90 करोड़ रुपए की आय होगी।




## क्यों होने वाला है लाइन में निरीक्षण

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दो दिनों के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में एक के बाद एक कई निरीक्षण होने वाले हैं। इसमें कई तरीके के कार्यालय और सेल का निरीक्षण होगा। जिसमें तमाम तरीके की बातों को बारीकियों से देखा जाएगा और लाइन के भी निरीक्षण की जानकारी मिल रही है। देखना होगा कि इस निरीक्षण के बाद क्या परिणाम आते हैं और कौन-कौन टू और थ्री-स्टार रडार पर आता है। वैसे पुलिस विभाग वाले बता रहे हैं कि यह सालाना वाली प्रक्रिया है, जो अधिकारियों द्वारा की जाती है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि रविवार को क्राइम को लेकर एक बैठक होनी है। जिसमें सभी थाना प्रभारी को तैयारी के साथ आने का आदेश दिया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि इस मीटिंग में कई थाना प्रभारी रडार पर भी लिए जा सकते हैं। तो वहीं सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट में 21 और 22 को भी दो अलग-अलग निरीक्षण होने हैं। इसमें अलग-अलग स्तर के अधिकारी निरीक्षण करेंगे और अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजेंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा है कि जिस तरीके से हर साल महाशिवरात्रि के पर्व पर खास मंदिर में महाव्यवस्था की जाती है, इस बार भी करनी होगी ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न रह जाए। साथ ही किसी प्रकार का यहां वायरल वीडियो वाला मामला ना हो। इसको लेकर भी बड़े संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारियों को लगाया जाएगा। उधर पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कमिश्नरेट में एक एसीपी लंबी छुट्टी पर हैं। तो कई अभी टेस्टिंग पीरियड से गुजर रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में लाइन में जो निरीक्षण और मीटिंग वाला दौर शुरू होने वाला है। इसमें कौन रडार पर आता है, किसको फटकार मिलती है और किसको इनाम मिलेगा यह देखना बेहद दिलचस्प रहने वाला है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि तमाम तरीके के सिस्टम पर पुलिस को अपडेट करने के लिए भी एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों को विशेष हिदायत दे दी गई है ताकि वह अपने अधीनस्थों से लापरवाही न होने दें। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले कई दिन लाइन और मीटिंग को लेकर चर्चा में रहने वाले हो सकते हैं।




## समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीडीए पंचायत

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** समाजवादी पीडीए पंचायत का आयोजन जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति के नेतृत्व में गांव कादराबाद में किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन के द्वारा कहा गया कि पीडीए उत्तर प्रदेश का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का आंदोलन बन चुका है। हमारा उद्देश्य है कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासी आदि आबादी पिछड़ा स्वर्ण को उसका पूरा हक और सम्मान मिले। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति ने शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और सामाजिक न्याय को लेकर चर्चा की। प्रदेश सचिव कालूराम धामा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, जिला सचिव प्रवीण प्रजापति, सभासद प्रदीप शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा, विधानसभा महासचिव उत्तम त्यागी, शहर उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, ऋषि शर्मा, कमलेश चैधरी, सुनील शर्मा, मनीष बंसल, राजेश जाटव, दुलीचंद प्रजापति, कर्मवीर प्रधान व आरिफ आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष सचिन दीक्षित ने किया।



## पुलिस चला रही है रोजाना अभियान पर कम नहीं हो रही है सड़कों पर जाम छलकाने वालों की संख्या

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में तीनों जोन में पुलिस प्रतिदिन शराब सार्वजनिक स्थानों पर पीने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रही है। इस अभियान को लगभग 50 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, पर पुलिस को इस अभियान में जितनी सफलता मिलनी चाहिए उतनी नहीं मिल रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों पर कार्रवाई हो रही है। उनके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर आते हैं। साथ ही उनको गिरफ्तार भी किया जा रहा है, बावजूद इसके इनकी संख्या में कमी नहीं आ रही है। मंगलवार की रात चलाए गए, इस अभियान में पुलिस ने तीन घंटे के भीतर 645 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें सिटी जोन से कुल 251, ट्रांस हिंडन जोन से 139 और देहात से 215 लोगों को इस अभियान के तहत दबोचा गया।

**3 घंटे में पुलिस ने फिर दबोचे 645 लोग**



### सिटी और देहात में सबसे ज्यादा कार्रवाई

**करंट क्राइम :** इस अभियान को लेकर सिटी और ट्रांस हिंडन पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। इसी का नतीजा है कि कोतवाली नगर से 57, विजयनगर से 56, सिहानी गेट से 32, नंदग्राम से 51, कवि नगर से 38 और मधुबन बापूधाम से 57 लोग गिरफ्तार हुए हैं। तो वहीं ट्रांस हिंडन में इंदिरापुरम से 37, कौशांबी से 14 से, खोड़ा से 19, साहिबाबाद से 23, लिंक रोड से 16, शालीमार गार्डन से 15 और टीलामोड़ से 20 लोग पकड़े गए। इसके साथ ही देहात में लोनी से 43, ट्रोनिका सिटी से 27, अंकुर विहार से 12, लोनी बॉर्डर से 07, मसूरी से 23, मुरादनगर से 23, मोदीनगर, निवाड़ी में 15, भोजपुर में 10 और वेव सिटी से 10 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 36 लोगों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

## ट्रक व कार की टक्कर से युवक की मौत

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रसूलपुर फ्लाईओवर पर बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। गढ़मुक्तेश्वर से दिल्ली जा रही ऑल्टो कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी घायलों में कार चालक गुलाम रब्बली, जो मुरादाबाद के बिलारी तहसील के मोहम्मद इब्राहिमपुर का रहने वाला है। दूसरा घायल पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड्डी का गुलशन प्रधान था। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने गुलशन प्रधान को मृत घोषित कर दिया। कार चालक गुलाम रब्बली का इलाज जारी है। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया। यातायात सामान्य कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# अफगान शरणार्थियों को देश से निकालने की तैयारी में पाकिस्तान, अफगानिस्तान दूतावास ने जारी की चेतावनी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने एक बार फिर से अफगान शरणार्थियों को देश से निकालने की तैयारी की है। अफगान दूतावास ने पाकिस्तान की योजनाओं की निंदा की है। दूतावास ने कहा कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी तलाशी ली गई है। पुलिस ने उन्हें दोनों शहरों को छोड़कर पाकिस्तान के अन्य भागों में चले जाने के आदेश दिए हैं।

दूतावास के मुताबिक अफगानिस्तानियों को हिरासत में लेने की प्रक्रिया बिना किसी औपचारिक घोषणा के शुरू हुई है। इस्लामाबाद में अफगानिस्तान के दूतावास को किसी औपचारिक पत्राचार के माध्यम से आधिकारिक तौर पर सूचित नहीं की गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि निकट भविष्य में न केवल इस्लामाबाद और



रावलपिंडी से बल्कि पूरे देश से सभी अफगान शरणार्थियों को निर्वासित/हटाने की एक निश्चित और अंतिम योजना है।

पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे हजारों अफगानियों के अलावा यूएनएचआरसी में शरणार्थी के रूप में लगभग 14.5 लाख अफगान नागरिक पंजीकृत हैं। बता दें कि 1980 के दशक में सोवियत संघ ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद लाखों

> **इस्लामाबाद में अफगान दूतावास ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान सभी अफगान शरणार्थियों को देश से निकालना चाहता है। भविष्य में उनको निष्कासन का सामना करना पड़ेगा**

अफगानों ने पड़ोसी देश पाकिस्तान में शरण ली। 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया तो इनकी संख्या और बढ़ी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में अवैध अफगान शरणार्थियों को बाहर निकालने का अभियान पहले भी चलाया जा चुका है। हालांकि सरकार को इसमें पूरी सफलता नहीं मिली।

### कैबिनेट ने कम किया था जुमार्ना

2023 में पाकिस्तानी कैबिनेट ने यह फैसला लिया था कि अफगान शरणार्थियों से पाकिस्तान में अधिक समय तक रहने के लिए 800 अमेरिकी डॉलर नहीं, 400 अमेरिकी डॉलर का जुमार्ना वसूला जाएगा।

# रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के तीसरे शहर पर किया हमला

**दाकर ।** रवांडा समर्थित विद्रोही संगठनों ने मंगलवार को पूर्वी कांगो के तीसरे शहर पर हमला किया है। विद्रोही संगठन पहले ही पूर्वी कांगो के दो प्रमुख शहरों पर कब्जा कर चुके हैं। गौरतलब है कि पूर्वी कांगो खनिजों के मामले में काफी धनी है और अहम वैश्विक तकनीक के लिए ये खनिज बेहद अहम हैं और इसी वजह से पूरी दुनिया की नजरें कांगो के हालात पर टिकी हुई हैं।

**गोमा शहर पर कब्जे के दौरान मारे गए थे तीन हजार लोग :** रवांडा समर्थित विद्रोही संगठन एम23 के उग्रवादियों ने मंगलवार को पूर्वी कांगो के प्रमुख शहर बुटेम्बो में कांगो सेना के ठिकानों पर हमला किया। करीब डेढ़ लाख की आबादी वाले इस शहर में हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और उग्रवादी संगठन तेजी से अपनी स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। बीते महीने एम23 और अन्य उग्रवादी संगठनों ने पूर्वी कांगो के गोमा शहर पर कब्जा



किया था। उस लड़ाई में करीब 3000 लोग मारे गए थे। बुटेम्बो और गोमा के बीच की दूरी करीब 210 किलोमीटर है। ऐसे में उग्रवादी संगठनों की लगातार मजबूत हो रही स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी हफ्ते विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के बुकावु शहर पर भी कब्जा कर लिया था। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में सोने और कोल्टन के भंडार हैं। साथ ही मोबाइल फोन, लैपटॉप में इस्तेमाल होने वाले कैपिसेटर्स को बनाने में जिन खनिजों का इस्तेमाल होता है, उनके भी भंडार पूर्वी कांगो में मौजूद हैं।

मंगलवार को विद्रोही गुटों ने कामनयोला शहर पर भी कब्जा कर लिया और अब विद्रोही गुटों के रणनीतिक रूप से अहम यूविरा शहर पर भी कब्जा करने की आशंका बढ़ गई है। विश्लेषकों का मानना है कि विद्रोही कांगो में राजनीतिक ताकत हासिल करना चाहते हैं और इसी के तहत उन्होंने गोमा शहर पर कब्जे के बाद वहां अपना मेयर भी नियुक्त कर दिया है। साथ ही गोमा में जनगणना कराने का भी एलान कर दिया गया।

# रूसी दुष्प्रचार के प्रभाव में हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, वोलोदिमीर जेलेंस्की का बयान

**कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस के दुष्प्रचार के प्रभाव में हैं। एक दिन पहले ट्रंप ने मार-ए-लागो में कहा था कि जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग चार फीसदी है। इस पर जेलेंस्की ने कीव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने इस दुष्प्रचार को देखा है। हम समझते हैं कि यह रूस से आ रहा है। ट्रंप इस दुष्प्रचार के प्रभाव में हैं।

### ट्रंप के सुझाव पर यूक्रेनी राष्ट्रपति ने क्या कहा

ट्रंप ने सुझाव दिया था कि यूक्रेन को चुनाव कराने चाहिए,



जो युद्ध और मार्शल लॉ के कारण अभी तक नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा था कि चुनाव यूक्रेनी संविधान के अनुसार होने चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध के कारण यूक्रेन की जनता की राय और अप्रूवल रेटिंग सही नहीं हो सकती। यह बयान उन्होंने उस समय दिया, जब वह अमेरिका के विशेष दूत कीथ केलॉग से मुलाकात करने वाले थे, जो बुधवार को कीव पहुंचे ते। केलॉग यूक्रेनी अधिकारियों और सैन्य कमांडरों से मुलाकात करेंगे।

**युद्ध के लिए अमेरिका ने ट्रंप को ठहराया जिम्मेदार,** :अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को युद्ध के लिए कीव को जिम्मेदार ठहराया था। सऊदी अरब में अमेरिका और रूस की उच्च स्तरीय बैठक हुई थी, जिसमें यूक्रेन और उसके यूरोप समर्थकों को शामिल नहीं किया गया था। ट्रंप के बयानों से यूक्रेनी अधिकारियों के नाराज होने की संभावना है। 24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था, तबसे यूक्रेन के अधिकारी रूस का मुकाबलना करने के लिए अमेरिका से मदद का आग्रह कर रहे हैं।

# नेपाल में भारतीय दूतावास के सामने छात्र संगठनों ने किया प्रदर्शन, पीड़िता के लिए मांगा न्याय

**नई दिल्ली ।** नेपाल के विभिन्न छात्र संगठनों ने मंगलवार को काठमांडू में भारतीय दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में एक नेपाली छात्रा की मौत के मामले में जांच की मांग की। इस मामले को लेकर नेपाल के छात्रों ने भी भुवनेश्वर स्थित कॉलेज के परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

नेकपा-माओवादी केंद्र, नेपाल कांग्रेस और नेकपा-एकीकृत समाजवादी पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों ने काठमांडू के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया और भारत में रह रहे नेपाली छात्रों की सुरक्षा की मांग की। अखिल नेपाल राष्ट्रीय मुक्त छात्र संघ-क्रांतिकारी (एएनएनएफएसयू-रिवॉल्यूशनरी) ने काठमांडू के मैतीघर मंडला में प्रदर्शन किया और सरकार से कूटनीतिक चैलनों का उपयोग करने की मांग की।

नेकपा-माओवादी केंद्र पार्टी की छात्र शाखा के उपाध्यक्ष देउमा जेसी ने कहा, हम आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं, जिसे गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकृति



लम्साल की मौत की जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से होनी चाहिए और जो भी इसमें शामिल हैं, उन्हें कानूनी तरीके से सजा मिलनी चाहिए। इसके अलावा, मृतका के परिवार को मुआवजा भी मिलना चाहिए।

प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्लेकार्ड थे, जिन पर 'सुरक्षित परिसर, अपराध क्षेत्र नहीं', 'महिलाओं की सुरक्षा करो, अपराधियों की नहीं' जैसे नारे लिखे हुए थे। इससे पहले नेपाल छात्र संघ ने काठमांडू घाटी के विभिन्न कॉलेजों में प्रदर्शन किया।

# यूएनएससी: स्थिति को जस का तस बनाए रखने वाले देश छोटी सोच वाले सुरक्षा परिषद में विस्तार न होने पर भारत नाराज

**नई दिल्ली ।** भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग उठाई है। इस बार भारत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जो देश स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहते हैं और यूएनएससी में विस्तार नहीं होने दे रहे, वे दूर की नहीं सोच पा रहे और प्रतिगामी सोच वाले देश हैं। भारत ने कहा कि इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चीन की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और वैश्विक प्रशासन को



बेहतर बनाने के मुद्दे पर खुली बहस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश शामिल हुए।

### भारत ने यूएन में इन तीन बदलावों की उठाई मांग

बैठक के दौरान यूएन में भारत के स्थायी राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि वैश्विक दक्षिण को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत और कई अन्य अहम देशों को भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। भारतीय राजदूत ने 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग दोहराई और कहा कि यूएन में तीन बड़े बदलाव होने बेहद जरूरी हैं। हरीश ने कहा कि पहले तो सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, दूसरा दस्तावेज आधारित सुलह समझौते होने चाहिए और तीसरा बड़े वैश्विक मुद्दों पर नतीजों के लिए एक तय समयसीमा होनी चाहिए।

### 'दुनिया बदली, यूएन को भी बदलना चाहिए'

भारतीय राजनयिक ने कहा कि जो देश सुरक्षा परिषद के विस्तार का विरोध कर रहे हैं, वे यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं और छोट सोच के हैं।

उनकी सोच प्रतिगामी है। इसे और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।' पीएम मोदी के बीते साल सितंबर में दिए एक बयान का जिक्र करते हुए हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की अहमियत बनाए रखने के लिए सुधार जरूरी हैं। भारतीय राजनयिक ने कहा कि 'भारत लगातार यूएन में सुधार की मांग उठा रहा है। दुनिया बदल चुकी है और समय के साथ संयुक्त राष्ट्र को भी बदलने की जरूरत है। यह मौजूदा वैश्विक व्यवस्था को प्रदर्शित करना चाहिए न कि साल 1945 की व्यवस्था को।'

# भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी खरी, बताया आतंक का गढ़

**न्यूयॉर्क ।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा कि वह पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का शिकार रहा है। पाकिस्तान की धरती से चलने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई आतंकी हमले किए हैं। भारत के स्थायी प्रतिनिधि (अंबेसडर) परवथानेनी हरीश ने पाकिस्तान को आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बताया और कहा कि पाकिस्तान में 20 से ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तरफ से प्रतिबंधित आतंकी संगठन मौजूद हैं। इसके बावजूद जब पाकिस्तान खुद को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताता है, तो यह सबसे बड़ी विडंबना होती है।

### पाक ने फिर अलापा जम्मू-कश्मीर का राग

भारत की तरफ से यह बयान तब आया जब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री



और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। इस पर भारत ने कड़ा जवाब देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। इस पर पी. हरीश ने कहा कि आतंकवाद का कोई भी कारण या मकसद स्वीकार्य नहीं हो सकता। निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान झूठ और गलत जानकारी फैलाने की कोशिश करता है, लेकिन इससे सच्चाई नहीं बदलती।

# ब्रिटेन में चाकू से होने वाले अपराधों पर लगेगी रोक, भारतीय किशोर की याद में सरकार ने की 'रोनन कानून' की घोषणा

**लंदन ।** ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को चाकू बेचने वाले ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के लिए सख्त नियमों का एलान किया। सरकार ने भी घोषणा कि नए नियमों को लागू करने में विफल रहने पर कड़ा जुमार्ना लगाया जाएगा। यह कदम भारतीय मूल के एक किशोर रोनन कांडा (16 वर्षीय) की स्मृति में उठाया गया, जिसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

नए 'रोनन कानून' के तहत खुदरा विक्रेताओं को अपने मंच पर चाकुओं की संदिग्ध और बड़ी मात्रा में खरीद की सूचना पुलिस को देनी होगी। कानून के तहत 18 साल से काम आयु वर्ग के लड़कों को चाकू बेचने पर कड़ सजा का प्रावधान होगा।

जुलाई 2022 में इंग्लैंड के वोल्वरहैम्पटन में रोनन कांडा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हमला



उनके घर के पास ही हुआ था। हमला गलत पहचान के कारण हुआ था। रोहन की मां पूजा कांडा ने इसके बाद मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की थी। उनके बेटे की हत्या करने वाले भारतीय मूल के किशोर को 34 साल की सजा हुई थी।

### रोनन की मांग पूजा ने क्या कहा

एक बयान में पूजा कांडा ने कहा, 2022 में गलत पहचान के कारण चाकू से हमले की वजह मैंने अपना बेटा रोनन खो दिया। 2023 में जब हम कोर्ट रूम में थे, तो हमें एक तलवार और 25 से अधिक ब्लेड वाली चीजें दिखाई गईं। उन्हें देखकर मुझे पता चला कि मेरे बेटे के पास बचने का कोई मौका नहीं था।' उन्होंने कहा, हम विक्रेताओं, सोशल मीडिया और विक्रेताओं से ज्यादा जिम्मेदारी की उम्मीद करते हैं। हम (चाकू के) पंजीकरण की योजना का स्वागत करते हैं, जिसमें सरकार चाकू की ऑनलाइन बिक्री होने पर सख्त कदम उठाएगी।

**हत्यारों ने ऑनलाइन खरीदे थे चाकू :** उन्होंने कहा, रोनन कानून लागू होने के बाद चाकू से होने वाले अपराधों में रोक लगेगी। काश यह वर्षों पहले किया गया होता तो आज मेरा बेटा मेरे साथ होता। पूजा कांडा ने यह भी मुद्दा उठाया ।

# म्यूनिख के कब्रिस्तानों में एक हजार कब्रों पर लगे क्यूआर कोड वाले रहस्यमयी स्टीकर, पुलिस कर रही जांच

**बर्लिन ।** जर्मनी के म्यूनिख शहर के तीन कब्रिस्तानों में एक हजार से ज्यादा कब्र और लकड़ी के क्रॉस पर क्यूआर कोड लगे रहस्यमयी स्टीकर लगाए गए हैं। क्यूआर कोड किसने, कब और क्यों लगाए गए हैं, इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 5७3.5-सेंटीमीटर (1.95७1.2-इंच) के क्यूआर कोड वाले स्टीकर को स्कैन करने पर कब्र में दफन व्यक्ति का नाम और कब्रिस्तान में उसका स्थान पता चलता है। इसके अलावा कोई अन्य जानकारी नहीं मिल रही है।

पुलिस प्रवक्ता क्रिश्चियन ड्रेक्सलर ने बताया कि इसके पीछे हमें कोई पैटर्न नहीं मिला है। ये स्टीकर्स पुरानी और नई दोनों कब्रों पर लगाए गए हैं। जिन कब्रों पर लेकर लकड़ी का क्रॉस लगा है, उन पर भी स्टीकर्स लगे हैं। ये स्टिकर वाल्डफ्रीडहोफ, सेंडलिंगर फ्रीडहोफ और फ्रीडहोफ सोल्न कब्रिस्तानों में लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अगर किसी



ने कब्रों पर स्टीकर्स लगाते हुए किसी व्यक्ति को देखा है तो वे इसकी सूचना कब्रिस्तान प्रशासन को दे सकते हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इसके पीछे कौन है? इसके अलावा पुलिस संपत्ति के नुकसान की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जब कब्रों पर लगे स्टिकर हटाए गए तो उन पर लगे पत्थर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए और उनका रंग उड़ गया।

**एएफडी पार्टी के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे 30 हजार लोग :** जर्मनी के आम चुनाव को एक सप्ताह रह गया है। इससे पहले धुर दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) के खिलाफ लोग सड़कों पर आ गए थे। रविवार को बर्लिन में करीब 30 हजार लोगों ने पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया और निष्पक्ष चुनाव की मांग की थी। पिछले सप्ताहांत म्यूनिख में भी इसी तरह के एक प्रदर्शन में सवा लाख लोग शामिल हुए थे।

# लूला दा सिल्वा को जहर देने की साजिश रची

**नई दिल्ली ।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो पर देश के अभियोजन प्रमुख पाउलो गोनेट ने तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप लगाया है। यह साजिश 2022 के चुनाव में हार के बाद सत्ता में बने रहने के लिए की गई थी।



आरोपों में यह भी कहा गया है कि बोल्सोनारो और उनके साथियों ने नए राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को जहर देकर मारने और सुप्रीम कोर्ट के जज एलेक्जांद्रे डि मोरेस की हत्या करने की योजना बनाई थी। बोल्सोनारो के खिलाफ 272 पन्नों की चार्जशीट अभियोजन पक्ष के अनुसार, इस योजना को 'ग्रीन एंड येलो डैगर' (हरा और पीला खंजर) नाम दिया गया था और इसे राष्ट्रपति भवन में तैयार किया गया था।

# अमेरिका से निकाले गए करीब 300 लोग, पनामा के होटल में रोके गए, प्रवासियों के वापसी की प्रक्रिया जारी

**पनामा सिटी ।** पनामा में लगभग 300 लोगों को एक होटल में रोका गया है, जिन्हें अमेरिका ने निकाला है। ये लोग अलग-अलग देशों के हैं और जब तक उनकी वापसी की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक उन्हें होटल से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, 40% से ज्यादा प्रवासी अपने देश लौटने के लिए तैयार नहीं हैं। होटल में बंद प्रवासियों ने खिड़कियों पर संदेश लगाए हैं, जिनमें लिखा है - मदद करें और हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं।

### 10 एशियाई देशों से आए हैं प्रवासी

ये प्रवासी 10 एशियाई देशों से आए हैं, जिसमें ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के लोग शामिल हैं। अमेरिका के लिए इन देशों में सीधा निर्वासन करना मुश्किल है, इसलिए पनामा को एक 'रास्ते का ठहराव' के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी तरह का एक और डिपोर्टेशन फ्लाइट



बुधवार को कोस्टा रिका पहुंचने की उम्मीद है।

**प्रवासी को दी जा रही बुनियादी सुविधाएं :** पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक एब्रेगो ने कहा कि ये प्रवासी चिकित्सा सुविधा और भोजन प्राप्त कर रहे हैं। यह पूरी व्यवस्था अमेरिका और पनामा के बीच हुए एक समझौते के तहत हो रही है। अमेरिका इस पूरे ऑपरेशन का खर्च उठा रहा है। वहीं पनामा के राष्ट्रपति जोसे राउल मुलिनो, जो ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण को लेकर दी गई धमकियों के कारण राजनीतिक दबाव में हैं, ने पिछले गुरुवार को पहली डिपोर्टेशन फ्लाइट के आने की घोषणा की थी।

लेकिन इन प्रवासियों की बंदी जैसी स्थिति को लेकर पनामा में चिंता बढ़ रही है। कुछ प्रवासियों की खिड़कियों से झांकते और मदद की अपील करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि, मंत्री फ्रैंक एब्रेगो का कहना है कि ये लोग कैद में नहीं हैं, लेकिन फिर भी उन्हें होटल के कमरों से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। होटल की सुरक्षा पुलिस की तरफ से की जा रही है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक हुई आयोजित

## प्राप्त शिकायतों के निस्तारण संबंधित पूर्ण जानकारी रखें अधिकारी : दीपक मीणा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गत किसान दिवस की शिकायतों के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा शिकायतों से सम्बन्धित प्राप्त आख्याओं का विभागवार कृषकों को अवगत कराया गया। कृषक प्रमोद कुमार त्यागी द्वारा विद्युत विभाग की शिकायत के निस्तारण पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर लें कि कार्य कब किया जाना है एवं इससे शिकायतकर्ता को भी अवगत करा दें। लोक निर्माण विभाग की शिकायतों के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 को निर्देशित किया कि जनपद में समस्त सड़कों का सर्वे करा लिया जाये जिससे मरम्मत एवं नई सड़क बनाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सके। ग्राम दुहाई में तालाबों की सफाई एवं कब्जा मुक्त करने के सम्बन्ध में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद एवं अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई तथा राजस्व के अधिकारी एक साथ बैठक कर इस समस्या का निराकरण करा दें। इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गयी।

### किसान दिवस में किसानों की सामूहिक शिकायतों का निस्तारण कराया जाए : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषकों की जो व्यक्तिगत समस्यायें हैं उसे विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारित करा लिया जाये एवं जो सामूहिक शिकायतें है उनका निस्तारण किसान दिवस में कराना सुनिश्चित करें एवं यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी कार्य कब स्वीकृत हुआ, कब तक पूर्ण किया जाना है, का स्पष्ट उल्लेख अपनी आख्या में अवश्य करे। आज के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह सहित समस्त जनपदीय अधिकारी एवं लगभग 80 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा का किया अभिनंदन

## कार्यकर्ताओं को भेंट की गई बलदेव राज शर्मा की पुस्तक 'गाजियाबाद के किस्से'



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम मंडल की नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने अपने सहयोगियों सहित इंदिरापुरम मंडल के चुनाव अधिकारी एवं पूर्व राज्य मंत्री बलदेवराज शर्मा के निवास स्थान कवि नगर में आकर अभिनंदन किया तथा कहा कि कृपया हमारा मार्गदर्शन करें की पार्टी को कैसे और मजबूत किया जा सके और अपना आशीर्वाद हमें प्रदान करें।

बलदेव शर्मा ने कहा कि भाजपा हमारा परिवार है हमें सभी को साथ लेकर चलना है इसलिए जब आप अपने टीम का गठन करें तो सभी वर्गों को समुचित मान सम्मान देकर उनका उत्साह बढ़ाना चाहिए और एक टीम के रूप में कार्य को गति प्रदान करें और पार्टी का जो भी कार्यक्रम आए उसमें नए पुराने सभी कार्यकर्ताओं को बुलाएं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ संपन्न करें इसके साथ ही केंद्र सरकार की और प्रदेश सरकार के जनहित कल्याण की योजनाओं का घर-घर जाकर प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सके।

मंडल अध्यक्ष के साथ देवाशीष दत्ता महामंत्री अजय गुप्ता, नवीन शर्मा, परियम सक्सेना, धीरज शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक गायत्री पांडेय, प्रीति ध्यान, सुप्रभात गांगटार सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में बलदेव शर्मा ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में पार्टी की प्रचंड जीत पर सभी को बधाई दी एवं मिठाई खिलाई और सभी कार्यकर्ताओं को अपनी लिखिए पुस्तक गाजियाबाद के किस्से भेंट की।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे पार्टी कार्यालय पर चाबी खो जाने वाले त्यागी जी के पास? हम टटोल रहे थे उनके अंदर के जज्बात? हमने उनसे पूछा कि आप अगर अध्यक्ष बने तो किसको देंगे अपनी टीम में स्थान? इस सवाल को सुनकर त्यागी जी ने मुस्कुराकर बंद कर ली अपनी जुबान? दे दिया उन्होंने यहां पर पार्टी के निर्देशों का हवाला? कहा अभी ये सवाल हमारे लिए है भाला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वहीं दूसरी ओर इस सवाल पर कुछ और ही थी अध्यक्ष पद के दावेदार अग्रवाल जी की राय? उन्होंने कहा अगर हम पर हुई पार्टी की कृपा, तो हम एक चेहरे को जरूर देंगे अपनी टीम में स्थान? ऐसा कहते ही उनके मुख से निकल आया रनिता दीदी का नाम? उन्होंने इस नाम की मौके पर ही की जमकर तारीफ? देखते ही बन रही थी दीदी के चेहरे पर इस तारीफ के बाद मुस्कान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आज कल हमारी है एक चेहरे पर नजर पैनी? आज कल ज्यादा दिखाई नहीं देते हैं राहुल भैया डैनी? भगवागढ़ के अग्निपथ पर उनकी बहुत धीमी हो गई है रफ्तार? सिर्फ शादी ब्याह के कार्यक्रमों में उनके दर्शन होते हैं? नहीं होते हैं किसी पोलिटिक्ल मूवमेंट पर उनके दीदार? जब भी हम उनको देखते है तो गर्व से फूलता है हमारा सीना? हम चाहते हैं पहले की तरह राजनीति में एक्टिव हो जायें हमारे कांचा-चीना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा अग्रवाल जी ने कर दिया था भगवा सिंह दीदी को अलर्ट? कराया था उनका नाम नामित वाली लिस्ट में होने का एहसास? कहने वाले ने कहा सिंह दीदी ने जब मेयर का टिकट मांगा है? अगर नामित में उनका नाम चला जाता? तो फिर खराब हो जाती बात? कहने वाले ने कहा अग्रवाल जी के अलर्ट करने पर सूची से निकलवा दिया दीदी ने अपना नाम? कहने वाले ने कहा कभी-कभी ऐसे भी हो जाता है समस्या का समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम पार्टी वालों का दिलाना चाहते हैं एक चेहरे की ओर ध्यान? ये चेहरा राजनीतिक क्षेत्र में करता है पूरी मेहनत से काम? हम यहां पर समाज सेवी सतेन्द्र सिंह की कर रहे हैं बात? वो पार्टी के लिए भी पूरी तरह एक्टिव रहते हैं और समाज के लिए भी उठाते हैं आवाज? कहने वाले ने कहा हम चाहते हैं कि इस चेहरे को भी संगठन की मेन टीम में मिलना चाहिए स्थान? शिक्षित और समाज के प्रति जागरूक रहने वाले चेहरों का भी होना चाहिए भाजपा के प्रमुख संगठन में सम्मान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप भगवा मित्तल जी को समझो इस वक्त मजबूत कड़ी? ये वो मित्तल जी नहीं हैं जिन्हें आप कर रहे हो अपने माइंड में कंसीडर? ये वो मित्तल हैं जो रहे हैं और भी जगह लीडर? सुना है बड़े वैश्य नेता इनकी शिद्दत से मानते हैं बात? नामित से लेकर पूर्व में हुए पार्षद के टिकट में इन्होंने जो कहा वही हुआ साहब? अगर आपको भी कराना है संगठन में अपना विकास? तो एक बार इन मित्तल जी से मिल लेना? ये कर देंगे आपका रास्ता साफ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई कुछ भी कहे भगवा कमांडर का गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर से है बहुत ज्यादा प्यार? सुना है विधानसभा सत्र में जाने से पहले वो गये थे मिस्टर नागर के द्वार? यहां पर हुई थी दोनों की चाय पर चर्चा? यहां मिस्टर नागर ने भी दिखाया था उनके प्रति प्यार? कहने वाले ने कहा बनाने वाले बनाते हैं बेमतलब का माहौल? यूं ही कोई किसी के घर पर चाय पीकर नहीं आता है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? केवल गोपाल भैया के परिवार से ही नहीं है दिल्ली की सीएम के रिलेशन? एक और बड़े वैश्य जनप्रतिनिधि के सगे चाचा के हैं दिल्ली की सीएम से पारिवारिक रिलेशन? ये हमें अंदर से पता चली है बात? कहने वाले ने कहा अभी तो निकलेंगे और भी रिलेशन? अभी तो हुई है महज शुरूआत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था हैंडपम्प वाले एक जाट नेता के निकट? वो कर रहे थे अपनी चिंता को प्रकट? कह रहे थे जब से हम निभा रहे हैं गठबंधन वाली दोस्ती का साथ? तब से बंद हो गई है हमारी आवाज? किसी भी मुद्दे पर हमें रहना पड़ता है शांत? खामोशी करती है हमारे मन को अशांत? हमें ऐसा लग रहा है कहीं हम भूल ना जायें जिला मुख्यालय का रास्ता? जहां कभी धरने प्रदर्शन करने का पड़ता था हमें वास्ता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों समाज की आवाज को बुलंद कर रहे हैं भगवा चौहान? कहने वाले ने बताया कि क्या रहेगा आने वाली राजनीति में उनका मुकाम? क्या बनेगा किसी आयोग में उनके नाम का भी कोई योग? क्या मिलेगा उन्हें किसी बड़े चेहरे का सहयोग?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# वार्ड 83 के पार्कों में बच्चों के लिए लगाए गए आकर्षक झूले : कविता प्रवीण भाटी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोगों को सैर के लिए एक अच्छे पार्क की जरूरत होती है। पार्क में बड़ों के अलावा बच्चे भी सैर के लिए जाते हैं। राजेन्द्र नगर वार्ड 83 के अंतर्गत कई पार्कों में बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाए गए हैं। स्थानीय निगम पार्षद कविता प्रवीण भाटी बताते हैं कि झूलों के लगने से बच्चे तो खुश हैं ही, साथ ही हरियाली की हिफाजत भी हो रही है।





पार्षद बताते हैं कि झूले नहीं होने पर बच्चे पार्क में खुली जगह पर खेलने लगते हैं। खेलने के दौरान सैर कर रहे लोगों को चोट लगने का भी डर बना रहता है। खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों के दौरान हरियाली को भी नुकसान पहुंचता है। इस बात को देखते हुए ही झूलों का इंतजाम किया गया है। ये झूले एसपीएस अपार्टमेंट्स में पार्क, जेन मन्दिर पार्क, तिकोन वाला पार्क एवं अन्य जगहों पर लगाए गए हैं। इसके अलावा पार्क में ओपन जिम लगाया गया है। वह बताते हैं कि पार्को के विकास के अलावा क्षेत्र में रोशनी का इंतजाम भी उनकी प्राथमिकता है। आरडब्ल्यूए से संपर्क कर वार्ड में ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां जरूरत के बावजूद स्ट्रीट लाइट के खंभे नहीं हैं या ऐसे खंभे हैं, जिनमें बल्व नहीं लगे हैं। उस की भी व्यवस्था की जा रही है।

# 'राइज इन इंडिया 2025' कार्यक्रम का आज होगा शुभारंभ : डॉ. अनिल अग्रवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में आज से तीन दिवसीय मेगा इवेंट 'राइज इन इंडिया 2025' का शुभारम्भ भारत सरकार में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिसकी थीम 'अमृतकाल' एवं 'मेक इन इंडिया' पर आधारित है और जो आज के युग में भारत की अध्यक्षता और आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के संबंध में हमारे प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को भी उजागर करेगा।

गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद एवं चांसलर एचआरआईटी यूनिवर्सिटी डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम 'राइज इन इंडिया 2025' विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कृषि, वन संरक्षण, हथकरघा और हस्तशिल्प, पर्यटन, अनुसंधान और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी मंत्रालयों और विभागों की योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों और पहल के बारे में जागरूकता पर केंद्रित है एवं सूचना प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण और बाल विकास, कौशल विकास, विद्युत ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, जल संरक्षण और स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा आदि विभिन्न क्षेत्रों पर रोशनी डालेगा जो युवाओं, आम जनता और किसानों के लिए मददगार होगा।

आयोजन में मुख्य रूप से - विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में युवाओं के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, सरकारी योजनाओं और नीतियों पर जागरूकता, शिक्षा और प्रशिक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और विकास, हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका और मंत्रालयों और विभागों द्वारा की गई पहल पर केंद्रित रहेगा। आयोजन में भाग लेने वाले प्रमुख विभाग हैं: डीआरडीओ, इसरो, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, परमाणु ऊर्जा विभाग, केंद्रीय जल आयोग, बीआईए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग आदि।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के नीतिखण्ड-1 स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा प्राचीन शिव मंदिर परिसर से शुरू हुई और मंगल चौक चौक, हाथी पार्क से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक आचार्य परमानंद देवली ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है।



उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। समिति की अध्यक्ष अनीता त्यागी ने बताया कि कथा 23 फरवरी तक चलेगी समापन पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बदलवाया बिजली का पोल, लोगों को मिली राहत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर में जर्जर विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। इसके बावजूद कई वार्डों में जर्जर पोल और जर्जर तार से बिजली आपूर्ति बहाल की जा रही है। इसको लेकर वार्ड 41 के पार्षद ने एसडीओ को पत्र देकर ठीक कराने की मांग करते हुए कहा कि जर्जर पोल व तार के चलते आए दिन फाल्ट की समस्या बढ़ती जा रही है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसी स्थिति में तत्काल ठीक कराया जाए। पत्र को संज्ञान में लेते हुए झंडापुर वार्ड 41 मेन में बाजार का बदलवा दिया गया है। वार्ड में जहां जरूरत कम थी, वहां तो बिजली के खंभे व तार बदल दिया गया। गांव झंडापुर में मार्केट में बिजली के टूटे हुए खंबे को जो कि किसी भी वक्त हादसा कर सकता था।

# संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय बिंदल ने 40 व्यापारियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच ट्रस्ट रजि. के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय बिंदल के द्वारा बुधवार को जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं उनकी समस्त टीम की घोषणा की और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं नियुक्ति पत्र दिए।

जिला महामंत्री नितिन मित्तल जिला संरक्षण अमित गोयल जिला चेयरमेन मोनू तिवारी जिला संगठन मंत्री मयंक सक्सेना जिला संयोजक अनुज पंडित जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार जिला प्रभारी जयकांत साहू जिला प्रचार मंत्री गौरव अग्रवाल जिला वरिष्ठ चेयरमेन अशोक कुमार जिला संयोजक सुनील सारस्वत इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी भी बनाए गए अमन सिसोदिया राष्ट्रीय चेयरमेन, संजय गुप्ता राष्ट्रीय प्रभारी, राजेंद्र कुमार राजू वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुनील कुमार एडवोकेट राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राहुल कंसल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्रीपाल यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गोपाल चंद्र गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मूलचंद गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विनोद कुमार राष्ट्रीय सचिव सुंदरलाल राष्ट्रीय सचिव एवं पिंकू सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष इमरान रिजवान प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए सभी नवयुक्त पदाधिकारीयों को संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की तरफ से शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

# पुरानी रंजिश पर हिंसा : मोदीनगर में दो पक्षों के बीच में पथराव और फायरिंग

## एक शख्स को किया गय गिरफ्तार, 15 लोगों पर केस

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र में स्थित त्योड़ी 13 बिस्वा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और गोलियां भी चलाईं।



घटना अंसारियन मस्जिद के पास हुई, जहां फरमान और साजिद के मकान आमने-सामने हैं। पुराने मुकदमे को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई। फिर लाठी-डंडे चले और पथराव शुरू हो गया। दोनों तरफ से गोलियां भी चलीं, लेकिन किसी को गोली नहीं लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गए। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में आरोपी एक-दूसरे पर गोली चलाते नजर आ रहे हैं। मौके से बड़ी मात्रा में ईंट-पत्थर बरामद हुए।

एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि दरोगा रामकुमार की शिकायत पर फरमान, परवेज, चाहिद, साजिद, राशिद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी साजिद को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Kuldeep Kasana
5h ·

जीवन के उतार चढ़ाव में हमेशा चट्टान की तरह मेरा साथ देने वाली प्रिय धर्मपत्नी जी को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं।
Happy Marriage Anniversary



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये कुलदीप कसाना की सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का खुशनुमा फसाना है। जीवन के उतार चढ़ाव में हमेशा चट्टान की तरह साथ देने वाली धर्म पत्नी को उन्होंने बधाई दी। जीवन साथी के प्रति समर्पित यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।